AMAR UJALA-23-6-2022 Page no-5

# गर्ल्स कॉलेजों में आरजी बड़ा नाम, अनुशासन इसकी पहचान

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आरजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज का वेस्ट यूपी में अलग ही नाम रहा है। ए ग्रेड वाले इस कॉलेज की एल्युमिनाई लिस्ट बहुत लंबी है। डिग्री और इंटर कॉलेजों में सबसे ज्यादा शिक्षिकाएं यहीं की पूर्व छात्राएं हैं। सेना में भी यहां की छात्राएं बड़ी संख्या में हैं। यह मेरठ का इकलौता कॉलेज है जहां 200 छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा है।

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट-ग्रेजुएट कॉलेज की स्थापना 1929 में कृपा देवी ने अपने दिवंगत पति लाला रघुनाथ की याद में एक छोटे से स्कूल के रूप में की थी। 1932 में यह हाईस्कूल, 1936 में इंटरमीडिएट और 1948 में यह डिग्री कॉलेज बन गया। यूजीसी ने 2014 में कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया। कॉलेज को दो बार ए ग्रेड मिल चुका है। आरजी कॉलेज बेहतर पढ़ाई के साथ ही अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। यहां दूसरी एक्टिविटी की बात करें तो एनसीसी की यहां पर 210 सीटें हैं। एनएसएस की भी 210 सीटें हैं। स्पोर्ट्स एक्टिविटी में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल की सुविधाएं हैं। कॉलेज में अत्याधुनिक जिम है। योग हॉल भी है। कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी है, जिसमें पीडीएफ फार्मेट भी बहुत सी पुरानी किताबें हैं। भूगोल में जियो इनफार्मेटिक पीजी डिप्लोमा संचालित है।

**1929** में कृपा देवी ने दिवंगत पति की याद में शुरू किया था स्कूल

## गर्ल्स हॉस्टल में दूसरी छात्राओं को भी सुविधा

प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक बताती हैं कि अगर हॉस्टल में उनके यहां सीटें खाली रह जाती हैं तो दूसरे एडेड कॉलेजों की जरूरतमंद छात्राओं को भी हॉस्टल में कमरा दिया जाता है। यहां 24 विभाग हैं इनमें आठ यूजी और 16 पीजी श्रेणी के विभाग हैं।

## तीसरे दिन हुए 1188 रजिस्ट्रेशन

सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में बुधवार शाम तक यूजी कोर्सों में 1188 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। अकेले बीए में 513 रजिस्ट्रेशन हो गए हैं। विवि की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र तीन कॉलेज का विकल्प चुन सकते हैं। रजिस्ट्रेशन शुल्क 115 रुपये है।

सीटों की संख्या

| | |
|---|---|
| बीए | 974 |
| बीएससी | 240 |
| बीएससी पीसीएम | 60 |
| बीकॉम | 244 |
| बीवॉक आईटी | 50 |
| बीवॉक यौगिक साइंस | 50 |
| बीवॉक एसीपी | 50 |
| बीएड | 100 |

## दूरस्थ शिक्षा के कोर्स भी संचालित

कॉलेज में इग्नू के अंतर्गत तीन सर्टिफिकेट कोर्स, तीन डिप्लोमा कोर्स, तीन वर्षीय बीए और बीकॉम डिग्री प्रोग्राम, सात विषयों में मास्टर डिग्री प्रोग्राम चल रहे हैं।



छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट से जानकारी लें। पढ़ाई के साथ छात्राओं के व्यक्तित्व पर भी ध्यान दिया जाएगा। हमारे यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 15 स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी चल रहे हैं। - डॉ. निवेदिता मलिक, प्राचार्य आरजी गर्ल्स कॉलेज

# DAINIK JANVAANI-6-7-2022 Page no-4

## आरजी में हुआ पौधा वितरण कार्यक्रम



मेरठ : वन महोत्सव के दौरान सभी विभागों को दिए गए लक्ष्य के अंतर्गत सामाजिक वानिकी विभाग व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज को 500 पौधे रोपित करने है। उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मंगलवार को कॉलेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक के निर्देशन मे जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एनसीसी एनएसएस तथा रेंजर्स यूनिट द्वारा वृक्ष वितरण कार्यक्रम किया गया तथा प्राचार्या द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 500 पौधे आंवला, जामुन, अमरुद, सहजन व अशोक के वृक्ष संजय वन सामाजिक वानिकी विभाग से कॉलेज के माली दीनानाथ, राम लोट, कुवर बहादुर द्वारा कॉलेज प्रांगण मे लाए गए। जहां विधिवत पौधो का वितरण विद्यालय के हिंदी,अंग्रेजी, गृह विज्ञान, संस्कृत, फूड साइंस, रसायन विभाग, वनस्पति विज्ञान, संगीत विभाग, समाजशास्त्र विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग व मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं और शिक्षकाओं व गैर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मध्य किया गया। महाविद्यालय की शिक्षिकाओं डा. पूनम लखन पाल, डा. पारुल सिंह, डा. अर्चना सिंह, डा. अंविता अग्रवाल, डा. छाया तेवतिया, डा. निर्लेप कौर आदि को भी पौधे प्रदान किए गए।

DAINIK iNEXT-10-7-2022 Page no-2

# अब व्यक्तिगत मौखिक परीक्षा 13 जुलाई से

**MEERUT (9 July, JNN):** आरजी पीजी कालेज में एमए द्वीतीय वर्ष इतिहास व्यक्तिगत की मौखिक परीक्षा 13 जुलाई को होगी. प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने बताया कि छात्राएं सुबह 9 बजे अपना प्रवेश पत्र और एमए प्रथम वर्ष की अंकतालिका लेकर इतिहास विभाग में उपस्थित रहे. वहीं एमए द्वीतिय वर्ष हिंदी व्यक्तिगत की मौखिक परीक्षा 14 जुलाई को हिंदी विभाग में और अंग्रेजी व्यक्तिगत की मौखिक परीक्षा 15 जुलाई को सुबह 9 बजे होगी.

HINDUSTAN-11.7.2022PAGENO.5

# विद्यालय प्रबंधक महासभा की बैठक

मेरठ। उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबंधक महासभा की ओर से रविवार को एसएसवी इंटर कालेज मुरलीपुर मेरठ में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विभिन्न पहलुओं पर वार्ता हुई। इसमें समितियों को ट्रस्ट में परिवर्तित करने पर विचार करने का निर्णय लिया गया। वहीं, विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी की नियमित नियुक्ति के आदेश शासन से निर्गत कराने के लिए प्रस्ताव भेजने और तब तक विद्यालय में रिक्त पदों पर आउट सोर्सिंग द्वारा नियुक्ति कराने में महासभा मेरठ मंडल इकाई द्वारा सहयोग करने आदि कई मुद्दों पर विचार हुआ। बैठक की अध्यक्षता शिव कुमार सोम व संचालन सत्यभूषण गुप्ता ने किया। इस अवसर पर यादराम, डॉ. रविंद्र पुंडीर, प्रभुदयाल, अरूण कुमार त्यागी, यशपाल सिंह, मनोज मौजूद रहे।

# नारी शक्ति ने किया प्रेरित




रविवार को कार्यशाला में मौजूद शिक्षिकाएं व अतिथि।

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कालेज माल रोड पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत नारी शक्ति कार्य विषय पर बैठक हुई।

इसमें मुख्य अतिथि राकेश जैन भाई अखिल भारतीय सह संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, मुख्य वक्ता एडवोकेट गौरी ताई जोशी अखिल भारतीय सह नारी शक्ति प्रमुख ने अपने विचारों से सभी को प्रेरित किया। वहीं अध्यक्षता आरजी कालेज की प्राचार्या डॉ. निवेदिता मलिक ने की। संचालन ममता चौधरी शौर्य कौशिक बहन ने किया। साथ ही एडवोकेट गौरी ताई ने हरित घर पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. बिजेंद्र कुमार शर्मा, महिपाल सिंह, डॉ. नीरा तोमर, हिमांशु गोयल मौजूद रहे। वहीं श्री मल्हू सिंह आर्य कन्या इंटर कालेज की बालिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण पर नाटिका प्रस्तुत की।

DAINIK iNEXT-13-7-2022 Page no-4

# राजर्षि टंडन का अध्ययन केंद्र बना

**MEERUT (12 July, JNN):** आरजी पीजी कालेज में भी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज का नया अध्ययन केंद्र बनाया गया है. इसका अध्ययन केंद्र कोड एस-1881 है. इसमें बीए, बीकाम, बीएससी, बीबीए, एमए, एमकाम, एमएससी, एमबीए, योग, टूरिज्म, न्यूट्रिशन आदि विभिन्न डिप्लोमा कोर्स व जागरूकता कार्यक्रमों में प्रवेश शुरू हो चुके हैं. छात्र-छात्राएं राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करके फार्म कालेज में जमा करा दें. छात्र छात्राएं कालेज में डा. कुसुम पारीक और राजीव जैन से संपर्क कर सकते हैं.

DAINIKINEXT-6.8.2022PAGENO.4

# कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा 10 को होगी

आरजी पीजी कालेज मे बीए द्वीतीय और तृतीय वर्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 अगस्त को सुबह 10.30 बजे विभाग मे होगी. सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगातमक परीक्षा फाइल, मास्क और सेनेटाइजर अवश्य साथ लाए.

# HINDUSTAN-11.8.2022

## आरजी में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता हुई



मेरठ। अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा के उपलक्ष्य मे रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज बीएड विभाग मे एक पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ अनुपमा सिंह द्वारा सभी को शुभकामनाए दी गई। इस अवसर पर विभाग की सभी शिक्षिकाओं का सहयोग रहा, जिसमे डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. अनुजा अग्रवाल, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. मीनाक्षी जैन, डॉ. शुभम त्यागी एवं डॉ. शिवानी त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कैडेट्स ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ निकाली रैली

**जागरण संवाददाता, मेरठ:** आरजी पीजी कालेज के गृह विज्ञान विभाग में अमृत महोत्सव कार्यक्रम में छात्राओं ने भारत की महिला स्वतंत्रता संग्राम विषय पर नुक्कड़ नाटक किया और पोस्टर प्रतियोगिता में भी भाग लिया। प्राचार्य डा. निवेदिता कुमारी, विभागाध्यक्ष डा. रेनू कांबोज और श्वेता त्यागी भी उपस्थित रहीं।



इस्माईल डिग्री कालेज में नाटक का मंचन करती छात्राएं • जागरण

शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता आंदोलन में मातृशक्ति की भूमिका विषय भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई, राजकुमारी अमृत कौर, सरोजनी नायडू की भूमिका का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डा. अंजू सिंह, डा. लता कुमार और डा. अनिता गोस्वामी भी उपस्थित रहीं। आरजी पीजी कालेज के कैडेटस ने तिरंगा लेकर भारत माता का जयघोष किया।

**विभाजन से त्रासदी का चित्रण:** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आइआइएमटी विश्वविद्यालय में कार्यक्रम हुआ। इसमें पीपीटी के माध्यम से देश के विभाजन से हुई त्रासदी का चित्रण किया गया। शुभारंभ कुलपति प्रो. दीपा शर्मा ने दीप जलाकर किया। कला व मानविकी संकाय के अध्यक्ष डा. सुभाष गौतम व नर्सिंग कालेज की प्रधानाचार्य डा. आशा यादव ने विचार प्रस्तुत किए। डा. सुरक्षा पाल, डा. एके चौहान और डा. रेणु जैन मौजूद रहे। संचालन डा. फरहा ने किया। द एवेन्यू पब्लिक स्कूल के 75 कैडेट्स ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ गंगानगर क्षेत्र में रैली निकाली।

# शहीदों की अमर गाथा कैनवस पर उकेरी



**मेरठ (एसएनबी)।** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत रघुनाथ गर्ल्स पीजी कालेज के चित्रकला विभाग में चित्र प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी मे छात्राओं ने भारत के वीर शहीदों के जीवन की अमर गाथा व ऐतिहासिक घटनाओं को सुंदर रेखाओं व रंगों के माध्यम से चित्रों में उकेरा। इस प्रतियोगिता में हिमांशी चौधरी अव्वल रही जबकि दूसरे पायदान पर विशाखा और तीसरे पायदान पर श्वायमा अख्तर रही।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व पुरातन छात्रा डॉ. अंजू वारियर व प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता मलिक ने अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। पुरातन छात्रा डॉ. अंजू वारियर ने कालेज से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। छात्राओं को स्वतंत्रता आंदोलन का महत्व समझाया और राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता मलिक छात्राओं को स्वतंत्रता का संवैधानिक अर्थ बताया और अपने कर्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निर्लेश कौर रहीं। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना रानी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. पूनम लता सिंह, कुमारी शबाहत, सुरभि व रचना भी मौजूद रहीं। इसी कालेज के जन्तु विज्ञान विभाग में भारत की महिला स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित सिम्पोजीयम का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में महिला सेनानियों की भूमिका को दर्शाया। इस सिम्पोजीयम में अलसा खालिद व खुशी प्रथम, अरीबा व दानिया द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता व विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जैन ने किया। संचालन डॉ. शशिबाला ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अपर्णा वत्स, डॉ. बबीता माजी रहीं। वाणिज्य विभाग में 'टैलेंट हंट प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

छात्राओं ने आजादी के इन 75 वर्षों को अलग-अलग तरीकों से पोस्टर बनाकर, स्लोगन लिखकर, स्पीच देकर एवं कविता पाठ कर उत्सव के रूप में मनाया। डॉ. पारुल रस्तोगी जी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम की संयोजिका नेहा टंडन रहीं। अर्थशास्त्र विभाग में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की गुमनाम वीरांगनाएं विषयक संगोष्ठी की गई। संगोष्ठी में स्वतंत्रता सेनानी वीरांगनाएं मतंगिनी हाजरा, बेगम हजरत महल, अरुणा आसफ अली और तारा रानी श्रीवास्तव के अमूल्य योगदान के बारे में चर्चा की गई। मंच संचालन डॉ. शैलजा ने किया।

HINDUSTAN- 17-8-2022 PG.NO.6

# छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति ने छोड़ी छाप

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या इंटर कालेज बुढ़ाना गेट, भागीरथी आर्य कन्या इंटर कालेज, सनातन धर्म गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल कंकरखेड़ा में भी ध्वजारोहण किया गया।

इसके अलावा बीडीएस इंटरनेशनल, जीटीबी स्कूल, सेंट मेरी व सोफिया गर्ल्स स्कूल में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। एनएएस इंटर कालेज, डीएन इंटर कालेज, केके इंटर कालेज, श्री मल्ह सिंह मटौर आर्य कन्या इंटर कालेज, आरजी कन्या इंटर कालेज, खालसा गर्ल्स इंटर कालेज, मार्डन पब्लिक स्कूल, मेरठ सिटी पब्लिक स्कूल, भाई जोगा सिंह पब्लिक स्कूल, अमेरिकन किड्स, कनोहर लाल पीजी गर्ल्स कालेज, इस्माईल पीजी गर्ल्स कालेज, शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज, आरजी पीजी कालेज में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसके अलावा ट्रांसलेम एकेडमी, द आर्यंस स्कूल, जेपी एकेडमी, द ऐवन्यू पब्लिक स्कूल आदि रहे।



आरजी कालेज में कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

AMAR UJALA- 30-08-2022 PG.NO. 5

# सीसीएसयू : यूजी कोर्सों में हुए 10,226 दाखिले

## पहले दिन बीए में सबसे ज्यादा 3849 प्रवेश, 31 अगस्त तक होंगे एडमिशन

माई सिटी रिपोर्टर



आरजी कॉलेज में प्रवेश लेने पहुंचीं छात्राएं। अमर उजाला

**मेरठ।** सीसीएसयू कैंपस और कॉलिजों में यूजी कोर्सों में सोमवार को 10226 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिए। सबसे ज्यादा एडमिशन बीए में हुए हैं। एडेड और राजकीय कॉलिजों में पहले दिन कम एडमिशन हुए हैं। मेरठ कॉलिज और डीएन कॉलिज में मंगलवार से ऑनलाइन एडमिशन होंगे।

एनएएस कॉलिज में सिर्फ 10 एडमिशन हुए। आरजी कॉलिज में 52, इस्माईल कॉलिज में 20, कनोहर लाल में 53 और शहीद मंगलपांडे में 07 एडमिशन हुए। मेरठ कॉलिज के प्रेस प्रवक्ता डॉ. हरिशंकर राय ने बताया कि कॉलिज में मंगलवार से ऑनलाइन एडमिशन होंगे। छात्र-छात्राएं कॉलिज की वेबसाइट पर जाकर फार्म भरें। ऑनलाइन फीस जमा कर फार्म पूरा करने के बाद इसका प्रिंट आउट कॉलिज में जमा कर दें। डीएन कॉलिज के प्रेस प्रवक्ता डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि उनके यहां भी एडमिशन ऑनलाइन मोड में ही होंगे। ऑफलाइन कोई एडमिशन नहीं होगा। जिलेवार बात करें तो मेरठ में 2240 एडमिशन हुए हैं। मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बुलंदशहर और बागपत में हुए 10226 एडमिशन में 5879 लड़के और 4747 लड़कियां हैं। पहली मेरिट से एडमिशन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है, इसके बाद विवि दूसरी मेरिट जारी करेगा। पहले दिन जहां एडेड और राजकीय कॉलिजों में कम एडमिशन हुए, वहीं, सेल्फ फाइनेंस में संख्या ठीक रही। मंगलवार से एडमिशन में तेजी आएगी।

### मेरठ और डीएन कॉलेज में आज से ऑनलाइन होंगे एडमिशन

विवि प्रशासन ने छात्र-छात्राओं से कहा है कि अगर पहली मेरिट में नाम है और छात्र-छात्राएं एडतिमशन नहीं लेते हैं तो उनका नंबर फिर दूसरी मेरिट में नहीं आएगा। फिर उनको ओपन मेरिट में ही मौका मिल पाएगा।

AMAR UJALA- 31-8-2022 PG.NO.5

# यूजी में अब तक 23353 प्रवेश आज पहली मेरिट का अंतिम दिन

## कैंपस-कॉलेजों में यूजी के 30 कोर्सों में दाखिले की चल रही है प्रक्रिया

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में मंगलवार को यूजी कोर्सों में 13066 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया। दो दिन में 23353 एडमिशन हो चुके हैं। पहली मेरिट के एडमिशन की बुधवार को अंतिम तिथि है। इसके बाद विश्वविद्यालय दूसरी मेरिट जारी करेगा।

### डीएन में हुए ऑनलाइन प्रवेश, मेरठ कॉलेज मे नहीं हो पाए शुरु

सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में यूजी के 30 कोर्सों में एक लाख 40 हजार से अधिक सीटें हैं। एडेड कॉलेजों में बीए-बीएससी-बीकॉम में 30 हजार से अधिक सीटें हैं। एडेड और राजकीय कॉलेजों में बीए-बीएससी-बीकॉम में एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा मारामारी है। पहली मेरिट तीनों कोर्सों में 75 से ऊपर है। दो दिन में 23353 एडमिशन हुए हैं।

मेरठ कॉलेज में मंगलवार को दूसरे दिन भी ऑनलाइन एडमिशन शुरू नहीं हो पाए। बुधवार को पहली मेरिट से एडमिशन का अंतिम दिन है, ऐसे में छात्र-छात्राएं परेशान हो रहे हैं। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि तकनीकी कारण के चलते एडमिशन नहीं हो पाए, इसको लेकर विवि प्रशासन को पत्र लिखा है। डीएन कॉलेज में मंगलवार को ऑनलाइन एडमिशन हुए। 105 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। बाकी अन्य कॉलेजों में ऑफलाइन एडमिशन हो रहे हैं। सबसे ज्यादा एडमिशन बीए में हो रहे हैं। इसके बाद बीकॉम और बीएससी कोर्स को छात्र-छात्राएं पसंद कर रहे हैं।



आरजी कॉलेज में एडमिशन के लिए पहुंचीं छात्राएं। अमर उजाला

DAINIK JAGRAN- 1-9-2022 P.G.NO.5

# सभी ग्रहों के पौधों से सजी राशि वाटिका

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बुधवार को सर्वहित कल्याण सेवा समिति की ओर से राशि वन की स्थापना की गई। मुख्य अतिथि डीन आफ आर्ट्स फैकल्टी डा. एनसी लोहानी ने इसकी स्थापना की। राशि वन में 12 राशियों के आधार पर 12 पौधों को लगाया गया। ग्रह से संबंधित प्रत्येक पौधे को मंत्रोच्चारण के साथ रोपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने की। पर्यावरणविद् डा. मधु वत्स ने धार्मिक वाटिकाओं की उपयोगिता की भी जानकारी दी। डा. अपर्णा वत्स, डा. सीमा जैन, डा. रीनू जैन और नीना बत्रा मौजूद रही। जासं

AMAR UJALA- 4-9-2022 RG.NO 5

# छात्राओं को दी आधुनिक मशीनों की जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में विज्ञान विभाग की बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण हुआ। जिसमें सिंगर इंस्ट्रक्टर सोनू सहदेव ने सभी छात्राओं को विभिन्न प्रकार की बेसिक और आधुनिक मशीनों की जानकारी दी। साथ ही सिलाई करना भी सिखाया। इस दौरान रेनू कांबोज, ममता, डॉ. सोनिया आदि मौजूद रही। संवाद

HINDUSTAN- 8-9-2022 P.G.NO.5

### बुधवार को पहले दिन कॉलेजों में ऑफर लेटर जमा करने को लेकर मारामारी रही

# ऑफर लेटर का आज आखिरी दिन, कल मेरिट

**मिशन एडमिशन**

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। चौ. चरण सिंह विवि कैंपस और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष ट्रेडिशनल-प्रोफेशनल कोर्स में रिक्त सीटों पर अप्रवेशित छात्र-छात्राओं के ऑफर लेटर जमा करने का आज आखिरी दिन रहेगा। जिन छात्र-छात्राओं ने पहली और दूसरी मेरिट में नाम आने के बावजूद प्रवेश नहीं लिया, नाम ही नहीं आया, वे सभी अपनी लॉगइन आईडी से ऑफर लेटर डाउनलोड करते हुए कॉलेजों में जमा करा दें। कॉलेज प्राप्त ऑफर लेटर से कल शाम तक मेरिट तैयार करते हुए 10 सितंबर से प्रवेश शुरू करेंगे। पहली ओपन मेरिट से 13 सितंबर तक प्रवेश होंगे।

**प्रोफेशनल कोर्स में ज्यादा मौके :** पहली ओपन मेरिट में रिक्त सीटों में सर्वाधिक मौके प्रोफेशनल कोर्स में मिलेंगे। एक लाख से अधिक रिक्त सीटों में प्रोफेशनल कोर्स में 60 हजार सीटें रिक्त हैं। हालांकि इन कोर्स के लिए अब पंजीकृत छात्र कम हैं। ट्रेडिशनल कोर्स में करीब 40 हजार रिक्त सीटों पर ही पंजीकृत लेकिन अप्रवेशित छात्र-छात्राओं की दावेदारी है।



बुधवार को कैंपस एवं कॉलेजों में ऑफर लेटर जमा करने के लिए छात्रों की लाइन लगी रही। छह जिलों में 15 हजार से अधिक छात्रों ने ऑफर लेटर जमा कराए।

## दो केंद्रों पर होंगे बीडीएस के पेपर

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विवि से संबद्ध डेंटल कॉलेजों में 16 सितंबर से प्रस्तावित परीक्षाएं दो केंद्रों पर होगी। पेपर के लिए एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद और एमएम कॉलेज मोदीनगर केंद्र बनाए गए हैं। विवि वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## अगली ओपन मेरिट में सब पर आवेदन

मेरठ। विवि के अनुसार 13 सितंबर के बाद दूसरी ओपन मेरिट आएगी। इस ओपन मेरिट में पंजीकृत छात्र किसी भी कॉलेज एवं कोर्स में प्रवेश को ऑफर लेटर जमा कर सकेंगे। इस ओपन मेरिट में केवल संबंधित कोर्स के लिए अर्हता की बाध्यता होगी। यदि किसी छात्र ने बीए में प्रवेश को पंजीकरण कराया है और अब वह बीबीए में प्रवेश चाहता है तो दूसरी ओपन मेरिट में प्रवेश ले सकता है, बशर्ते इसके लिए वह अर्ह हो।

## पासवर्ड न बताएं

मेरठ। विवि के अनुसार ऑफर लेटर पर छात्र प्रति में पासवर्ड भी दर्ज है। छात्र किसी भी स्थिति में इस पासवर्ड को प्रवेश से पहले किसी से भी शेयर ना करें। इस पासवर्ड के जरिए प्रवेश कंफर्म किया जा सकता है।

## सभी छात्र पेपर के लिए अर्ह

मेरठ। चौ. चरण सिंह विवि के अनुसार 10 सितंबर को प्रस्तावित माइनर इलेक्टिव विषय कोड की परीक्षा के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्र भी अर्ह हैं, बशर्ते ऐसे छात्रों ने नियमानुसार माइनर इलेक्टिव विषय का चयन किया हो।

AMAR UJALA 13-9-2022

# योगासन में निशी ने कांस्य पदक जीता




**कांस्य पदक के साथ आरजीपीजी कॉलेज की छात्रा निशी शर्मा।** संवाद

**मेरठ।** आरजी महिला पीजी कॉलेज की छात्रा निशी शर्मा ने जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। सुरभारती विवि में नेशनल योग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तहत प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय प्रतियोगिता कराई गई। इसमें आरजी पीजी कॉलेज की छात्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। आठ छात्राओं ने सराहनीय योग प्रदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि आरजी पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक एवं विज्ञान विभाग कोऑर्डिनेटर डॉ. नीलम सिंह रहीं। इस मौके पर डॉ. नीना बन्ना, शिक्षिका शिवानी गुप्ता, प्रीति बंसल, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहीं। संवाद

AMAR UJALA- 14-09-2022 PG.NO. 6




आरजी पीजी कॉलेज में अग्निशमन यंत्र का प्रशिक्षण देते अधिकारी। संवाद

# अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करना सिखाया

मेरठ। आरजी डिग्री कॉलेज में वीडियो के माध्यम से अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों का सही प्रयोग करना रहा। कॉलेज में अग्नि सुरक्षा के लिए डीसीपी यानि ड्राई केमिकल पाउडर अग्निशमन यंत्र लगे हुए है। इस दौरान एनसीसी अधिकारी डॉ. अंजुला राजवंशी, सीटीओ डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, एनएसएस अधिकारी मनीषा सिंघल, प्रीति और रेंजर लीडर डॉ. सुनीता सिंह मौजूद रहीं। संवाद

AMAR UJALA- 15-09-2022

# कविता के माध्यम से बताया हिंदी का महत्व

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, मुख्य अतिथि राजर्षि टंडन मुक्त विवि की डायरेक्टर डॉ. पूनम गर्ग एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन असिस्टेंट प्रो. सुमन मिश्रा और डॉ. नेहा सिंह ने किया।

इस्माईल गर्ल्स नेशनल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा ने सभी छात्राओं के कार्य की सराहना की। कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज में हिंदी में रोजगार के अवसर बताएं। शुभारंभ मुख्य अतिथि शोभित इंस्टीट्यूट के कुलपति प्रो. अमर पी गर्ग, मेरठ कॉलेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. एसके गौड़ और प्राचार्या प्रो. अलका चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. पूनम सिंह की पुस्तक धर्मवीर भारती की गद्य कृतियां एवं समाज का विमोचन किया गया।

शहीद मंगल पांडे कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह, डॉ. अनुजा गर्ग, डॉ. अनीता गोस्वामी, डॉ. लता कुमार रहीं। आरजी महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक, डॉ. कंचन आदि रहीं। संवाद



दिगंबर जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज में कविता पाठ करते हरिओम पंवार। अमर उजाला



आरजी डिग्री कालेज में बीएड विभाग ने मनाया हिंदी दिवस। संवाद

## दिगंबर जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुआ कविता पाठ

मेरठ। सदर स्थित दिगंबर जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस पर कविता और दोहा पाठ कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कवि डॉ. हरिओम पंवार और डॉ. सुमनेश सुमन रहे। उनकी कविताएं सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश चंद्र जैन ने सभी का स्वागत किया। डॉ. हरिओम पंवार ने अपनी कविताओं पर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. दीप्ति राघव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सत्येंद्र कुमार जैन, अरुण कुमार जैन आदि मौजूद रहे। संवाद

# नैक टीम ने किया आरजी पीजी कालेज का निरीक्षण

**मेरठ:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नैक पीयर टीम ने सोमवार को आरजी पीजी कालेज का निरीक्षण किया। टीम की चेयरपर्सन तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी चेन्नई की कुलपति प्रो. शीला स्टीफन, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर वनस्पति विभाग की प्रो. सरोज अरोरा और नंद कुमार निकम ने कालेज की शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर गतिविधियों के अलावा लाइब्रेरी और क्लर्क आफिस का निरीक्षण किया। वहीं रविवार को नैक पीयर टीम ने सभी विभागों की गतिविधियों को देखा और छात्राओं के अभिभावकों, पुरातन छात्राओं और शिक्षिकाओं से भेंट की। टीम ने कर्मचारियों के कागजात को देखा और मैनेजमेंट सचिव डा. मनमोहन नाथ सेठ को इसके लिए बधाई दी। इस अवसर पर कल्चरल समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई।

इसके बाद सैनिक का अपने परिवार के नाम खत पर कविता, मिनिएचर पेंटिंग, यूनिटी इन डायवर्सिटी, कथक, शिव स्तुति, योग कार्यक्रम, मधुरम संस्कृत गीत, कालेज के इतिहास पर नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। मैनेजमेंट सचिव डा. मनमोहन नाथ सेठ ने कहा कि कालेज नैक विजिट का चौथा साइकल पूरा करने जा रहा है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी और आइक्यूएसी कोआर्डिनेटर डा. सीमा जैन भी उपस्थित रहीं।

AN

एमए

मेरठ। र

मौखिक प

छात्राएं के

उपस्थित

DAINIK JAGRAN-24.9.2022 PAGE NO.4

# हिंदी की प्रयोगात्मक परीक्षा 28 को होगी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में हिंदी एमए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षा 28 सितंबर को होगी। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने बताया कि परीक्षा का समय सुबह 10 बजे रहेगा। विद्यार्थी प्रवेश पत्र, एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की अंक तालिका और मास्क अपने साथ लेकर हिंदी विभाग में पहुंचे।

HINDUSTAN-25.9.2022

# आरजी में वायवा 30 को

आरजी कॉलेज में एएम फाइनल यानी चतुर्थ सेमेस्टर में अंग्रेजी का वायवा 30 सितंबर को 10 बजे से अंग्रेजी विभाग में होगा। छात्र-छात्राओं को तृतीय सेमेस्टर की मार्कशीट, मास्क एवं सेनेटाइजर के साथ पहुंचना होगा।

# AMAR UJALA-28.9.2022

## राष्ट्रीय आंदोलनों में हिंदी की बड़ी भूमिका



स्वाधीनता सेनानियों ने अपनी मातृभाषा हिंदी को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चंद्र बोस तक ने हिंदी की इस शक्ति को पहचाना। समाचार पत्र जब हिंदी में प्रकाशित होने लगे तो अधिक जनता आंदोलन के साथ जुड़ पाई। – **राखी कांबोज, आरजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज**

**(पक्ष में द्वितीय)**

DAINIK INEXT-3.10.2022

HIND

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



अद्भुत

आरजी डिग्री कॉलेज के आर्ट डिपार्टमेंट में चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई. इस दौरान छात्राओं ने कई मनमोहक आर्ट वर्क देखकर दांतों तले अंगुली दबा ली.

**DAINIK JAGRAN-4.10.2022 PAGENO.9**

## आरजी कालेज में मौखिक परीक्षा 10 को

मेरठ : आरजीपीजी कालेज में बीए प्रथम एनईपी प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र की छात्राओं की मौखिक परीक्षा 10 अक्टूबर को होगी। कालेज प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से आरजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग में होगी। इसमें 13 कालेजों की छात्राएं शामिल होंगी।

**DAINIK JAGRAN-7.10.2022PAGENO.10**

## दर्शनशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 को

मेरठ : आरजी पीजी कालेज मे बीए एनईपी द्वितीय सेमेस्टर मे दर्शनशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे विभाग मे होगी। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने बताया कि छात्राएं बीए द्वितीय सेमेस्टर का प्रवेश पत्र, मास्क और सैनिटाइजर अवश्य साथ लाएं।

DAINIK INEXT-16.10.2022

# महिला अपराधों के विरुद्ध जागरूक किया




आरजी गर्ल्स कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के विषय जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई. इसमें मुख्य वक्ता डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तारा शंकर ने पितृसत्ता और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर व्याख्यान दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया. कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. बबिता रही व मंच संचालन डॉ अपर्णा चौधरी ने किया. कार्यक्रम अंजली गुप्ता, ममता गुप्ता, डॉ. पूनम, डॉक्टर शैलजा, संयोगिता, हिना, गरिमा मौजूद रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति, गीता और राखी का सहयोग रहा.

DAINIK JAGRAN-18.10.2022PAGENO.4



आरजी पीजी कालेज में सेमिनार को संबोधित करते वक्ता • जागरण

# खाद्य क्षेत्र में भी हैं करियर की अपार संभावनाएं

जागरण संवाददाता, मेरठ : खाद्य क्षेत्र में भी करियर की अपार संभावनाएं हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद फूड सेफ्टी आफीसर ही नहीं, आप अपना स्वयं का भी कोई काम शुरू कर सकते हैं। साथ ही निजी क्षेत्र में भी जाब आदि कर सकते हैं। यह जानकारी सोमवार को आरजी पीजी कालेज में आयोजित अतिथि व्याख्यान 'स्वस्थ आहारः जीवन का आधार' में फूड सेफ्टी आफीसर खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन वैभव शर्मा ने दी। विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि फूड व ड्रग में कभी मंदी नहीं आती, कोरोना काल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। जब हर दूसरा व्यक्ति कुक बन गया था। बताया कि तंबाकू को छोड़कर हम जो कुछ भी खाते हैं, वह फूड के अंदर ही आता है। प्रोटीन, विटामिन सब फूड के अंदर ही आता है। उनका विभाग फूड की मानीटरिंग व टेस्टिंग आदि करता है।

## ऐसे करें मिलावट की जांच

वैभव शर्मा ने बताया कि यदि हमें डेरी पर तैयार खाद्य पदार्थों की जांच करनी है तो उनमें आयोडीन टिंचर मिला दें। यदि नीला रंग आता है तो उसमें मिलावट की गई है। इसी तरह हम घर पर छोटे से प्रयास से मिलावट की जांच कर सकते हैं। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने स्वस्थ्य जीवन शैली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# AMAR UJALA-19.10.2022 PAGENO.2

# वरिष्ठ शिक्षाविद सेठ मनमोहन नाथ का निधन

मेरठ। शिक्षाविद एवं उद्योगपति सेठ मनमोहन नाथ का सोमवार रात निधन हो गया। सेठ मनमोहन नाथ आरजी गर्ल्स इंटर एवं आरजी डिग्री कॉलेज में सचिव थे। लंबे समय से वह अंबाला में रह रहे थे। वे 86 साल के थे।



सेठ मनमोहन नाथ

सेठ डॉ. मनमोहन नाथ 1993 से आरजी पीजी और आरजी इंटर में सचिव थे। उनके निधन से शिक्षा जगत और उद्योगपतियों में शोक व्याप्त है। आरजी कॉलेज के अलावा वह कई दूसरी शिक्षण संस्थाओं से भी लंबे समय तक जुड़े रहे। आरजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. निवेदिता मलिक ने बताया कि कॉलेज में शोकसभा का आयोजन किया गया। मेरठ से बड़ी संख्या में प्रोफेसर और उद्यमी अंबाला पहुंचकर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सेठ डॉ. मनमोहन नाथ मेरठ कॉलेज के सचिव रहे अरविंद नाथ सेठ के चचेरे भाई थे। ब्यूरो

DAINIK JAGRAN-20.10.2022 PAGE NO.9

## आरजी कालेज की छात्रा छाया को डीजी एनसीसी ने किया सम्मानित

मेरठ: आरजी पीजी कालेज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा एवं एनसीसी कैडेट छाया को डीजी एनसीसी द्वारा सम्मान पदक देकर सम्मानित किया गया। छाया थल सैनिक कैंप करके आने वाली मेरठ ग्रुप की एकमात्र कैडेट है।

# DAINIK JAGRAN 22.10.2022 PAGE NO.16



आरजी पीजी कालेज के फूड साइंस विभाग में शुक्रवार को इनोवेशन सेंटर की ओर से हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें दीपक, टी लाइट होल्डर, बैग बंदनवार की स्टाल लगाई गई। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की। डा. दीक्षा यजुर्वेदी और महरूख इफफत भी उपस्थित रहीं • सौ. कालेज प्रबंधन

DA

AMAR UJALA-1.11.2022 PAGE NO.6



आरजी डिग्री कॉलेज में छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। संवाद

# वक्तव्य प्रतियोगिता में फ़ारोजा और समरा अव्वल

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पटेल जयंती पर प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने शिक्षिकाओं व छात्राओं को एकता की शपथ दिलाई। इतिहास विभाग ने वक्तव्य प्रतियोगिता कराई। में प्रथम पुरस्कार फ़ारोजा यूनुस व समरा नफीस को मिला। संचालन डॉ. रेनू जैन ने किया। डॉ. अंजली, डॉ. पूनम, डॉ. पूजा, डॉ. अंजु आदि मौजूद रहीं। वहीं एल ब्लॉक शास्त्रीनगर स्थित इस्माईल इंटर कॉलेज में हुई एकता दौड़ में रीना प्रथम, राबिया खातून द्वितीय और गुनगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन प्रवक्ता अनुपम निधि ने किया। इस अवसर पर बंदना, नीता रानी, प्रमिला, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। संवाद

एक नजर में



आरजी पीजी कालेज में कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण • सौ. कालेज

## देश के महज 62 सौ कालेजों का ही नैक मूल्यांकन

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को नैक दिशा निर्देशों के अनुरूप उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता गांधी मेमोरियल कालेज अंबाला के पूर्व प्राचार्य डा. आरपी सिंह ने कहा कि क्लास के भीतर की शिक्षा ही सबसे बेहतर है। कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि देश में 50 हजार से अधिक कालेजों में से अब तक महज 6201 कालेजों का ही नैक मूल्याकन हुआ। इनमें केवल 259 कालेज ही आटोनामस कालेज बन सके हैं। आरजी कालेज की प्राचार्य निवेदिता मलिक ने इस्माइल डिग्री कालेज की प्राचार्य डा. अनीता राठी सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

AMAR UJALA-2.11.2022 PAGE NO.2

# नैक मूल्यांकन में देश के संस्थान पीछे : आरपी सिंह



आरजी पीजी कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसका विषय 'नैक के दिशा निर्देशों के अनुसार उच्च संस्थान की गुणवत्ता में वृद्धि' रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक, मुख्य वक्ता अंबाला से गांधी मेमोरियल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह, इस्माइल डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने किया। आरपी सिंह ने बताया कि 1994 में यूजीसी के 12 सीसीआई में नैक का गठन किया गया और इसका सेंटर बंगलूरू में बनाया गया। उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन में हमारे देश के संस्थान पीछे हैं। 50 हजार कॉलेजों में से सिर्फ 6201 का ही नैक मूल्यांकन हुआ है। संवाद

AMAR UJALA -4.11.2022 PAGE NO.5

# भाषण प्रतियोगिता में शगुन प्रथम



आरजी कॉलेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शामिल शिक्षिकाएं-छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को जंतु विज्ञान विभाग द्वारा प्रगति से प्रकृति पथ यात्रा के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। छात्राओं ने प्रकृति से प्रगति पथ पर ले जाने वाले विचारों को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एलईडी बल्ब का प्रयोग विद्युत ऊर्जा बचाता है, ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपकर, वर्षा जल संचयन प्रणाली को नियोजित करके, कारों के उपयोग को सीमित करके आदि हम प्रकृति संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

निर्णायक मंडल में मुकेश नादान, संरक्षक प्रकृति मंथन, एनवायरमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के सचिव देवेंद्र, वनस्पति विज्ञान की अध्यक्ष निर्लेप कौर रही। प्रतियोगिता में प्रथम शगुन बालियान, द्वितीय सोनाली कटारिया और तृतीय स्थान पर आशिता चड्ढा रहीं। सांत्वना पुरस्कार समरा नफीस और वंशिका शर्मा ने प्राप्त किया। संचालन वसुधा, डॉ. कल्पना चौधरी और डॉ. शशि बाला ने संचालित किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा जैन, डॉ. पूनम लता, प्रियंका, मनोज आदि का सहयोग रहा। संवाद

# आरजी पीजी कॉलेज की छात्राओं ने झटके पदक

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की संस्कृत विभाग की छात्राओं ने सीसीएसयू में आयोजित व्यास समारोह में शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में आरजी पीजी कॉलेज की छात्रा दिव्या ने रजत और स्वीटी ने कांस्य पदक झटके। संवाद

AMAR UJALA-11.11.2022 PAGE NO.5

# आत्मनिर्भर बनें महिलाएं



आरजीपीजी कॉलेज में लगी प्रदर्शनी देखते अतिथि व शिक्षक-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 'सेलिब्रेट द लाइफ स्टॉप फीमेल फेटिसाइड' विषय पर संगोष्ठी हुई।

शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. अमरेश कुमार, एडिशनल सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, समाज सेवक दिनेश तलवार, मधु वत्स, अर्चित अग्रवाल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. अमरेश कुमार ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया। समाज सेवक दिनेश तलवार ने छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। मधु वत्स ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या की समस्या को प्रदर्शित करने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी तथा डॉक्युमेंट्री दिखाकर छात्राओं को जागरूक किया गया।

संरक्षक प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया। संचालन डॉ. अनु रस्तोगी ने किया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कुमार गौतम, डॉ. नीना बत्रा, डॉ. अर्चना रानी, डॉ. रजनी, डॉ. अनुजा, डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. कुमकुम मौजूद रहे। संवाद

# AMAR UJALA-11.11.2022 PAGE NO.5

## एनसीसी की चयन प्रक्रिया 11 से

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की एनसीसी के प्रथम वर्ष कैडेट्स के लिए 22 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल महेश कुमार चौहान के निर्देशन में चयन प्रक्रिया 11 नवंबर को आयोजित होगी। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि जिन छात्राओं ने एनसीसी के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म भरा है, उनकी आधा घंटे की वस्तुनिष्ठ परीक्षा महाविद्यालय सभागार में 09:30 बजे होगी। इसके बाद 10 बजे साक्षात्कार प्रक्रिया होगी। 11 बजे छात्रावास प्रांगण में शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। सभी कैडेट्स को डीजी एनसीसी के पोर्टल पर अपने सभी प्रपत्रों और प्रमाणपत्रों के साथ रजिस्ट्रेशन करना होगा। उसके बाद प्रिंट निकालकर मेडिकल प्रक्रिया पूरी होगी। संवाद

# घर के गमलों में भी उगाए जा सकते हैं औषधीय पौधे

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की ओर से सोमवार को पांच दिवसीय अंतर महाविद्यालय कार्यशाला एवं फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हुई। स्टार्टअप एवं इनोवेशन सेंटर की अध्यक्ष डा. सीमा जैन ने छात्राओं को अपने घर और गार्डन में कम से कम जगह में औषधीय पौधे लगाने की कला सिखाई। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक, सचिव डा. अनुपमा सिंह रहीं।



आरजी पीजी कालेज में पौधारोपण करतीं शिक्षिकाएं व छात्राएं • सौ. संस्था

AMAR UJALA-16.11.2022 PAGE NO.5

# औषधीय पौधे उगाने की विधि बताई




आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक की अध्यक्षता में पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन छात्राओं को औषधि पौधों को उगाने की विभिन्न विधियों को बताया गया। मुख्य अतिथि मेरठ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. डॉ. नूपुर प्रसाद रहीं। उन्होंने छात्राओं को पौधों की कटिंग व उनकी जड़ों और बीजों से 20 विभिन्न पौधों को रोपना सीखाया। मेरठ कॉलेज, एनएएस और इस्माईल कॉलेज के छात्र-छात्राएं और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। साथ ही निरलिप कौर, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. मधु मलिक आदि मौजूद रहे। संवाद

AMAR UJALA-17.11.2022 PAGE NO.5

# बिना मिट्टी पौधों को उगाने की प्रक्रिया बताई



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बुधवार को वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन छात्राओं को केंचुआ खाद और एरोपोनिक्स का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वक्ता सीपीआरआई मोदीपुरम से डॉ. अशोक कुमार ने केंचुआ खाद बनानी सिखाई। साथ ही एरोपोनिक्स के बारे में बताया कि पौधों के विकास के लिए मिट्टी के उपयोग के बिना हवा और धुंध के वातावरण में पौधों को उगाने की एक प्रक्रिया है। संचालन डॉ. अनुपमा सिंह व डॉ. मधु मलिक ने किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने कार्यक्रम की सराहना की। वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष निर्लेप कौर ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

AMAR UJALA-18.11.2022 PAGE NO.5

# बीमारी में आयुर्वेद के फायदे बताए



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग की प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन रिसोर्स पर्सन डॉ. अरुण कुमार और डॉ. विक्रांत शर्मा रहे। उन्होंने आयुर्वेद में औषधीय पौधों का नामकरण और चिकित्सीय उपयोग करना सिखाया। डॉ. अरुण कुमार ने बीमारी को ठीक करने में आयुर्वेद की भूमिका बताई। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने पान पौधा भेंट कर रिसोर्स पर्सन को सम्मानित किया। संवाद

AMAR UJALA-19.11.2022 PAGE NO. 6

में
आए
न

ऑफ
लक्ष्य में
तो बच्चा
कार्यक्रम
सिंघल ने
का के
यादें व
गया।
में टिफिन
। सभी
अपनी
क्रम का
गुप्ता ने
अध्यक्ष डॉ.
अग्रवाल,
आदि का

# प्रतिभागियों को दिए गए प्रमाणपत्र



आरजी पीजी कॉलेज में कार्यशाला के दौरान पौधों की जानकारी लेती शिक्षिकाएं व छात्राएं। अमर उजाला

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी की ओर से आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मीनू गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने किया। डॉ .मीनू गुप्ता ने औषधीय पौध एवं छत पर बागवानी विषय पर व्याख्यान दिया। सभी प्रतिभागी शिक्षकों और छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। संयोजिका निर्लेप कौर, सचिव डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. मधु मलिक, डॉ. अमिता शर्मा का सहयोग रहा। संवाद

# प्रो. निवेदिता का प्रोबेशन पूरा



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में प्रबंध समिति ने प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक के प्रोबेशन काल का खत्म करते हुए स्थाई कर दिया है। प्रबंध समिति के सचिव डॉ. राहुल मित्थल ने कहा कि प्रो. निवेदिता के नेतृत्व में कॉलेज के शैक्षणिक माहौल में सुधार हुआ है।

AMAR UJALA -20.11.2022 PAGE NO.5

# छात्राओं ने क्ले आर्ट, सजावटी बर्नर बनाना सीखा



हस्तशिल्प सामग्री के साथ आरजी पीजी कॉलेज की छात्राएं। संवाद



सीसीएसयू के भ्रमण के दौरान मौजूद आरजी कॉलेज की छात्राएं। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग, आईक्यूएसी तथा पिडीलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम सीरीज- 2 का समापन हुआ। जिसका विषय 'अपने में कलाकार को प्रज्ज्वलित करना था' छात्राओं ने हस्तशिल्प सामग्री जैसे क्ले आर्ट, बोतल आर्ट, ज्वेलरी, सजावटी बर्नर आदि बनाना सीखा।

प्राचार्या निवेदिता कुमारी ने छात्राओं द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प सामग्री को प्रोत्साहित किया। निर्देशन विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू कांबोज ने किया। डॉ. श्वेता त्यागी ने सभी को धन्यवाद दिया।

रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग, आइक्यूएसी तथा इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यान आयोजित किया। जिसका विषय गृहविज्ञान उद्यमिता के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाए गए स्टार्टअप योजनाएं' रहा। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

वक्ता उन्नत भारत अभियान की कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी सिंह ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाए गए स्टार्टअप स्कीम के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. रेनू कांबोज, डॉ. सीमा जैन, डॉ. नीना बत्रा तथा डॉ. सोनिका चौधरी, डॉ. श्वेता त्यागी आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को ट्रैफिक के नियम बताए

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेस चार के अंतर्गत परिवहन सड़क सुरक्षा तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुशील शर्मा ने छात्राओं को ट्रैफिक के नियम बताए। कार्यक्रम का संचालन सुमनलता वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. रजनी रानी शंखधर व बुलबुल मौजूद रहीं। संवाद

## छात्राओं ने किया सीसीएसयू का भ्रमण

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में शनिवार को सीसीएसयू का भ्रमण किया। रिसोर्स पर्सन डॉ. मीनू गुप्ता ने छात्राओं को विभिन्न पेड़- पौधों जैसे पुनर्नवा, बेल पत्र, कुश एवं कंघी घास की जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मालिक ने सभी का मार्गदर्शन किया। इस दौरान डॉ. अमिता शर्मा, निर्लेप कौर, डॉ. गरिमा मालिक, अनामिका आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

DAINIK INEXT-23.11.2022 PAGE NO.4



मध्यप्रदेश में युवाओं के स्पंज

PICS : DAINIK JAGRAN INEXT



टिक टैक फ्रेशर विनर्स को दिए गिफ्ट.



स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह.

# यादें याद आती हैं...

tic tac Presents fresh n crazy

Margo · Pro-ease

टिक टैक प्रेजेंट्स दैनिक जागरण आईनेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी पार्टी में स्टूडेंट्स ने मचाया धमाल

meerut@inext.co.in

**MEERUT (22 Nov):** टिक टैक प्रेजेंट्स आईनेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन आरजी पीजी कॉलेज में किया गया. पार्टी में स्टूडेंट्स ने तरह-तरह के गेम्स व इवेंट में शामिल होकर खूब एंज्वाय किया. वहीं रैंप पर वॉक करते हुए गर्ल्स ने शानदार प्रदर्शन किया और अपने व्यक्तित्व से प्रभावित करने वाली स्टूडेंट्स को मिस मार्गो चुना गया. वहीं किसी स्टूडेंट्स ने मिमिक्री की तो किसी ने रैंप पर वॉक किया, किसी ने गाने गए तो किसी ने अपने डांस से खूब धमाल मचाया.

## बनी मिस टिक टैक मिला पुरस्कार

मिस टिक टैक फ्रेशर के लिए स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक, गाने गाए, पर्सनालिटी और डांसिंग स्किल्स दिखाई. कॉमेडी, मिमिक्री और एक्टिंग कर सभी को प्रभावित किया. इस मौके पर टिक टैक फ्रेशर के साथ ही मार्गो फ्रेश फेस, प्रो ईज कॉन्फिडेंस विद ईज, मार्गो सेल्फी, टिकटैक फ्रेश मोमेंट्स, टिक टैक दमशराज आदि गेम्स खिलाए गए.




मिस टिकटैक फ्रेशर कशिश सिंह.




मिस टिकटैक फ्रेशर प्रियमवदा सिंह.

### ये हैं स्पॉन्सर्स

- प्रेजेंटिंग पार्टनर
  टिकटैक
- को-पावर्ड
  मार्गो सोप
  फॉर क्लियर एंड ब्यूटीफुल स्किन
- हाइजीन पार्टनर
  प्रो-ईज, सेनेटरी पैड्स
- एसोसिएट स्पॉन्सर
  ओरेन इंटरनेशनल

### ये हैं विनर्स

- मार्गो सेल्फी फ्रेश फेस खुशबू
- फ्रेश फेस फर्स्ट छवि, सेकेंड अभिलाषा, फर्स्ट आरजू
- टिकटैक फ्रेशर प्रियमवदा सिंह, कशिश सिंह
- प्रो-ईज अमिता
- टिकटैक रैपर ताजिम

For more news log on to
www.inextlive.com/meerut

### विभिन्न एक्टिविटी में रहे विनर

सभी ने अपने-अपने माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया. एंकर नावेद खान ने स्टूडेंट्स को खूब गुदगुदाया. इवेंट में मार्गो सेल्फी फ्रेश फेस, प्रोईज और टिक टैक रैपर का पुरस्कार दिया गया.






टिक टैक स्पिन व्हील कॉन्टेस्ट.




## ये टीचर्स रहे मौजूद

कार्यक्रम में डॉ. रेनू जैन, डॉ. कंचन पुरी, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. श्वेता, डॉ. स्वाति, डॉ. पूनम, डॉ. उपासना, डॉ. शैलजा आदि टीचर्स मौजूद रहीं.



मार्गो सेल्फी फेस कॉन्टेस्ट में भाग लेते प्रतिभागी.

DAINIK JAGRAN-24.11.2022 PAGENO.5

5

# छात्राओं को दी विषयों के बारे में जानकारी

मेरठ: आरजी पीजी कालेज में बुधवार को छात्र कल्याण परिषद की ओर से बीए, बीएससी की प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कला व विज्ञान संकाय की सभी विषयों की विभाग प्रभारी तथा शिक्षिकाओं ने छात्राओं से परिचय कराया। अपने विषय व विभाग की जानकारी दी। आइक्यूएसी की प्रभारी डा. नीना बत्रा ने छात्राओं की नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाए जाने वाले मुख्य व वैकल्पिक विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राएं दो विषय अपने संकाय और एक मुख्य विषय के रूप में किसी और संकाय का ले सकती हैं। बताया कि को करिकुल क्वालीफाइंग विषय हैं। उनके कोई क्रेडिट नहीं है। कालेज में 17 स्किल कोर्स चलाए जा रहे हैं।

# AMAR UJALA-26.11.2022PAGENO.6

## पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम




आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय एलिमिनेशन ऑफ वायलेंस अगेंस्ट वूमेन दिवस के उपलक्ष्य में अंतर विश्वविद्यालय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर की सराहना करते हुए महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया। निर्णायक डॉ. पूनम लता सिंह व डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी मलिक, द्वितीय आरजू और तृतीय स्थान पर महविश अंसारी रहीं। सांत्वना पुरस्कार सोनी सिंह, मानसी राणा और सुंदरम सिंह ने प्राप्त किया। विभाग समन्वयक डॉ. नीना बत्रा ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वंदना अग्रवाल, श्वेता मित्तल, कविता, इलमा, मनीषा, मोनिका का योगदान रहा। संवाद

DAINIK JANVANI-28.11.2022 PAGE NO.5

# छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण, दी रोचक जानकारी




● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

आरजी पीजी कॉलेज के एमएससी बॉटनी विभाग की छात्राओं ने शैवाल कल्चर लैब एवं वानस्पतिक उद्यान चौधरी चरण सिंह विवि का भ्रमण किया। कॉलेज की ओर से बॉटनी एकेडमिक एंड कल्चरल सोसायटी के अंतर्गत एमएससी एवं बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। बनस्इस दौरान विवि प्रो. विजय मलिक, डॉ रमाकांत एवं डॉ. अशोक कुमार द्वारा छात्राओं को विभिन्न पादप समूह के विषय में रोचक जानकारी दी गई। प्रो. विजय मलिक द्वारा उद्यान में काली हल्दी, डेंडरोबियम आर्किड, जंजीबेरसी फैमिली के ब्लॉक, जिम्नोस्पर्म ब्लॉक, मेडिसिनल पौधों आदि के विषय में वर्णन करते हुए भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने एल्गल बायोटेक्नोलॉजी लैब में हो रहे शोधों शोध कार्यों की जानकारी प्राप्त की रिसोर्स पर्सन डॉ. रमाकांत द्वारा एवं उनके शोधार्थियों द्वारा विभिन्न उपयोगी एलगी स्पिरुलिना, क्लोरेला नॉन स्टॉप आदि की कल्चर लैब में किस प्रकार की जाए, इसकी जानकारी दी। माइक्रोसिस्टिस एवं विषैले एलगी सहित 100 से अधिक प्योर कल्चर के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने माइक्रोबायोलॉजी लैब एवं प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर उत्पन्न करने वाले माइक्रोब्स के विषय में भी जाना। तत्पश्चात छात्राओं ने शिक्षिकाओं के निर्देशन में तपोवन एवं आसपास के क्षेत्रों से हरबेरियम हेतु जंगली पौधों का संग्रह किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन डॉ. अनुपमा सिंह और डॉ. मधु मलिक द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष निर्लेप कोर एवं डॉ. गीता सिंह का पूर्ण सहयोग रहा।

DAINIK JANVANI-30.11.2022 PAGE NO.4

# छात्राओं को दी मोटिवेशन की जानकारी



मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज के तत्वावधान में छात्र कल्याण परिषद का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। संगीत विभाग द्वारा मनोहारी सरस्वती वंदना एवं लोकगीत प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात प्राचार्या निवेदिता मलिक द्वारा छात्र कल्याण परिषद की डीन डॉ. रेनू जैन, सदस्या शिक्षिकाओं तथा छात्राओं को बैजेस प्रदान किए गए। इस अवसर पर आचार्य एसके दीक्षित अधिवक्ता तथा मोटीवेटर द्वारा छात्राओं को मोटिवेट करने के लिए एक व्याख्यान दिया गया। इसके साथ ही एकेडमिक एंड कॅरियर काउंसलिंग सेल द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सीए संजय जैन डायरेक्टर सेव क्लासेस द्वारा छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताए गए साथ ही सरकारी और प्राइवेट नौकरियों को प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तरह की रणनीति बनाने की सलाह दी गई। छात्राओं को स्वयं का स्वॉट एनालिसिस करना सिखाया गया तथा साथ ही छात्राओं को कौशल विकास की जानकारी दी गई। संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर तथा कोऑर्डिनेटर एकेडमिक एंड कॅरियर काउंसलिंग सेल डॉ. रेनू जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. कंचन पुरी, चीफ प्रॉ. डॉ. नीलम सिंह, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. भावना मित्तल, डॉ. दीक्षा यजुवेदी, डॉ. प्रीति, डॉ. स्वाति, डॉ. उपासना, डॉ. अनुजा, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. शैलजा, नेहा, कु. हिना, कु. अनामिका का सहयोग रहा।

HINDUSTAN-27.11.2022

# गौरवशाली इतिहास को भूल बैठा है भारत

मेरठ| संवाददाता। सीसीएसयू कैंपस के राजनीति विज्ञान विभाग में संविधान दिवस पर 'भारत लोकतंत्र की जननी है' विषय पर गोष्ठी हुई।

डीयू से पहुंचे प्रो. नागेंद्र शर्मा ने भारत भूमि लोकतंत्र की जननी रही है। पाश्चात्य लेखकों के दुष्प्रचार से भारत अपने गौरवशाली इतिहास को भूला बैठा है। प्रो. पवन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की स्थापना बिना कोई भी देश विश्व गुरू नहीं बन सकता। डॉ. राजेंद्र पांडेय, डॉ. भूपेंद्र प्रताप सिंह, चित्रा मलिक, डॉ. जयवीर सिंह, डॉ. सुषमा रामपाल, डॉ. देवेंद्र आदि रहे। वहीं सीसीएसयू कैंपस के गणित विभाग में संविधान दिवस पर हुई गोष्ठी में प्रो. पवन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र का सिद्धांत वेदों की ही देन है। डॉ. संदीप कुमार ने संविधान की उद्देशिका समझाई। प्रो. मुकेश शर्मा, डॉ. सरू कुमारी, प्रो. जयमाला मौजूद रहे।

**छात्रों को बताया भारतीय संविधान का महत्व :** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर हुई विशेष प्रार्थना सभा में प्रिंसीपल डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने छात्रों को भारतीय संविधान का विषय समझाया।

**छात्रों ने ली संविधान की शपथ :** सुभाष बाजार स्थित बीएवी इंटर कॉलेज में संविधान दिवस पर अध्यापिकाओं एवं छात्रों ने संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ ली।



आरजीपीजी कॉलेज में शनिवार को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## संविधान को जानो में आयुषी अव्वल

आरजी.पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'अपनी संविधान को जानो' की थीम पर हुई अंतर महाविद्यालय-अंतर विवि क्विज में 15 टीमों ने हिस्सा लिया। आयुषी, लिशू प्रथम, भावना शर्मा, शिवम सिंह द्वितीय, मनीष कुमार, कृतिका सिंह तृतीय रहीं। प्राचार्या निवेदिता कुमारी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक प्रो.अंजलि रहीं।

# भारत ने सफलता से हल की चुनौतियां

मेरठ। जब भारत आजाद हुआ तो उसके सामने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चुनौतियां थी, लेकिन इन सभी का समाधान सफलतापूर्वक निकाला गया। मेरठ कॉलेज में संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.एसएन शर्मा ने यह बात कही। प्रो. एमपी वर्मा, प्रो.दयानंद द्विवेदी, प्रो. एचएस राय, डॉ. अंजलि मित्तल, डॉ. अनुपम सिंह रहे।

**निबंध में छात्रों ने रखे विचार :** महावीर कॉलेज ऑफ लॉ में संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता हुई, जिसका शुभारंभ डायरेक्टर जनरल सतीश राघव, सीईओ डॉ. आशीष बालियान, डायरेक्टर एडमिटन विक्रांत बालियान ने किया।

**प्रेरणा बनी विजेता, नैंसी द्वितीय :** कैंपस के विधि अध्ययन संस्थान और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विवेक कुमार, विभू भूषण मिश्रा, तुषार गुप्ता, नरेन्द्र त्यागी ने किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रेरणा, नैंसी एवं गंगा बंसल क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।

**मेडिकल कॉलेज में मनाया संविधान दिवस :** एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में शनिवार संविधान दिवस मनाया गया। अध्यक्षता डॉ.सुभाष सिंह आचार्य ने की। डॉ. वीडी पाण्डेय, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विजय जायसवाल, डॉ. सुभाष सिंह डॉ. अरुण कुमार, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार चौरसिया रहे।

**कृषि विवि में संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम :** सरदार पटेल कृषि विवि के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय सभागार में संविधान दिवस मनाया गया। शुभारम्भ कुलपति डा. कृष्ण कुमार सिंह व अधिष्ठाताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया।



आरजी पीजी कालेज में एनसीसी सत्र 2022-23 की पहली परेड हुई। साथ ही रैंक सेरेमनी और एएनओ पैरेंट्स कैडेट्स मीट का भी आयोजन किया • सौ. कालेज प्रबंधन

## कैडेट्स को मिली रैंक

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में शनिवार को एनसीसी सत्र 2022-23 की पहली परेड हुई। साथ ही रैंक सेरेमनी और एएनओ पैरेंट्स कैडेट्स मीट का आयोजन भी किया गया। [illegible] डा. [illegible] और बटालियन स्टाफ ने कैडेट्स को रैंक प्रदान की। साथ ही कैडेट्स को [illegible], [illegible], ईमानदार, [illegible] और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। संचालन कैप्टन डा. [illegible] ने किया।

DAINIK INEXT-1012.2022 PAGE NO.4

# आरजी पीजी कालेज में हुआ अतिथि व्याख्यान



आरजी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. जिसका विषय जॉब ओरिएंटेड कंप्यूटर कोर्सेस फॉर कामर्स स्टूडेंट्स रहा. मुख्य वक्ता नेहा टुटेजा ने छात्राओं को विभिन्न रोजगार परक कंप्यूटर कोर्स की जानकारी दी. डॉ. पारुल रस्तोगी ने छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम होने का महत्व बताया. जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें और अपने करियर में ऊंचाइयां प्राप्त कर सकें.

AMAR UJALA-12.12.2022 PAGE NO.7

# शुभांगी अरोड़ा ने आरजी कॉलेज का नाम किया रोशन



शुभांगी अरोड़ा

मेरठ। मयूर विहार शास्त्रीनगर निवासी शुभांगी अरोड़ा को दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। शुभांगी ने सोफिया गर्ल्स स्कूल से 12वीं में 91 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। इसके बाद उन्होंने आरजी पीजी कॉलेज से बीवॉक क्लीनिकल साइकोलॉजी 84.42 फीसदी अंकों से पास किया। शुभांगी मनोवैज्ञानिक बनना चाहती है। शुभांगी के पिता दीपक अरोड़ा गंगानगर इंडियन बैंक में कार्यरत हैं। माता प्रिया अरोड़ा गृहिणी हैं। संवाद

AMAR UJALA-15.12.2022 PAGE NO.5

# छात्राओं को कानूनी धारा बताई



महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित करतीं आरजी कॉलेज की शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में छात्र कल्याण परिषद के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महिला थाना अध्यक्ष आदेश कौर एवं उनकी टीम ने छात्राओं को बढ़ते अपराध को रोकने के लिए कानून की विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को पुलिस द्वारा दिए गए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। संचालन छात्र कल्याण परिषद की इंचार्ज डॉ. रीनू जैन ने किया। इस दौरान डॉ. शैलजा, डॉ. उपासना और नेहा टंडन रही। संवाद

DAINIK JAGRAN-15.12.2022PAGENO.7

विविध



**हिम्मत से करें अपराध का सामना** : आरजी पीजी कालेज में छात्र कल्याण परिषद के कार्यक्रम में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध और इस संबंध में कानून की जानकारी दी गई। महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आदेश कौर और उनकी उनकी टीम ने छात्राओं से कहा कि स्वयं सजग और जागरूक होकर ही अपराध को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण रिया है● सौ कालेज

# छात्राओं ने ऊर्जा बचत पर बनाए पोस्टर



आरजी पीजी कालेज में ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर बुधवार को ऊर्जा और ईको क्लब की ओर से निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं ले ऊर्जा बजत पर पोस्टर बनाकर ऊर्जा बचाव के उपाय बताए. निबंध प्रतियोगिता मे सीनियर वर्ग में अर्चिता प्रथम, शगुल पाल दूसरे और भूमिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. जूनियर वर्ग मे कशिश यादव प्रथम, हिफजा सुल्तान और दिशा बंसल तीसरे स्थान पर रही. पोस्टर प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में शिवानी पाल प्रथम, अनुशा दूसरे और प्रियांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. जूनियर वर्ग में राहीमीन, रमशा और अफीफा ने पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्रधानाचार्य डॉ. रजनी रानी शंखधार भी उपस्थित रही.

AMAR UJALA-18.12.2022 PAGE NO.6



खुशी को सम्मानित करतीं शिक्षिकाएं। संवाद

# कराटे प्रतियोगिता में खुशी ने जीता स्वर्ण

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की छात्रा खुशी धामा ने अमर सिंह कॉलेज लखावटी में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने -48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस दौरान प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी और कोच शशांक कुशवाहा ने खुशी को शुभकामनाएं दी। कीड़ा प्रभारी डॉ. भावना मित्तल ने खुशी को पुरस्कार के रूप में धनराशि प्रदान की। संवाद

# स्टूडेंट्स को योग के बारे में जानकारी दी

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



meerut@inext.co.in

**MEERUT (17 Dec):** आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता मलिक की अध्यक्षता में एक दिवसीय योगा शिविर आयोजित किया गया. यह दो सत्रों में आयोजित हुआ. छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में जानकारी दी गई. इसके साथ ही योगा की जानकारी दी गई. मौके पर डॉ. प्रीति बंसल, योगा एक्सपर्ट के निर्देशन में छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया एवं योगा के फायदों के बारे में भी जानकारी दी.

## छात्राओं ने बनाए पोस्टर

वहीं द्वितीय सत्र में छात्राओं को पोस्टकार्ड मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई. पोस्टकार्ड के विषय सेव वाटर ,सेव अर्थ ,सेव गर्ल्स चाइल्ड रखे गए. शिविर में डॉ.भावना मित्तल ,अलविना ,पूजा ,हबीबा, रुहिना ,आलिया ,अन्तिल ,खुशी ,प्राची हर्षिता ,सोनम शर्मा आदि मौजूद रहे.

HINDUSTAN-18.12.2022 PAGE NO.8

# छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

मेरठ। आरजी कॉलेज की चित्रकला विभाग की छात्राएं शैक्षणिक टूर पर दिल्ली स्थित नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट पहुंची। डॉ. अर्चना रानी, डॉ. नाजिमा, डॉ. पूनम लता सिंह, गरिमा कुमारी, हिना यादव, शबाहत, रचना शामिल रहीं। वहीं एनएसएस इकाई की मनीषा सिहल, प्रीति के निर्देशन में पोस्टकार्ड मेकिंग प्रतियोगिता हुई।



आरजी की छात्राओं ने नेशनल गैलरी ऑफ मॉर्डन आर्ट का भ्रमण किया।

AMAR UJALA-20.12.2022 PAGENO.6 D

# छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक




नुक्कड़ नाटक के जरिए पर्यावरण को बचाने का संदेश देतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के एक्टिव क्लब के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका विषय 'पर्यावरण बचे तो प्राण बचे' रहा। छात्राओं ने पर्यावरण संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण व पर्यावरण प्रदूषण आदि पर प्रस्तुति दी। उसके बचाव के उपयोग भी बताए। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। संचालन डॉ. गरिमा मलिक ने किया। इस दौरान कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुज रस्तोगी, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. अनुराधा, डॉ. अमिता शर्मा आदि रहीं। संवाद

# DAINIK JAGRAN-21.12.2022 PAGE NO.5

# युवा जा

## विविध



आरजी पीजी कालेज की पुस्तकालय व आंतरिक गुणवत्ता समिति द्वारा दो दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यक्रम के दूसरे दिन शिक्षिकाओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को रेयर बुक्स, लाइब्रेरी, लाइब्रेरी कैटलागिंग तथा लाइब्रेरी सेक्शन की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने शिक्षिकाओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को लाइब्रेरी की सुविधा का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया • जागरण

## आरजी पीजी कालेज में वाद-विवाद में साक्षी प्रथम

**मेरठ :** आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को इतिहास परिषद की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान क्रमश: आरजी पीजी कालेज की छात्रा साक्षी यादव, आयुषी व कशिश शर्मा ने प्राप्त किया। इस्माईल कालेज की अनुपम भारद्वाज तीसरे स्थान पर रहीं।



आरजीपीजी कालेज में पीसीएम स्ववित्त पोषित विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, शिक्षिकाएं व छात्राएं • सौ. कालेज

HINDUTAN-21.12.2022 PAGE NO.5

# लाइब्रेरी सेक्शन की जानकारी दी



मेरठ। आरजी में पुस्तकालय एवं आंतरिक गुणवत्ता समिति द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दुर्लभ किताबें, लाइब्रेरी केटलॉगिंग एवं लाइब्रेरी सेक्शन की जानकारी दी गई। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को लाइब्रेरी प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

DAINIK JANVANI-21.12.2022 PAGE NO.4

# लाइब्रेरी की पुस्तकों का सही से प्रयोग करने की दी जानकारी



● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को पुस्तकालय व आंतरिक गुणवत्ता समिति के तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय फैकल्टी एनरीचमेंट प्रोग्राम (शिक्षक संवर्धन कार्यक्रम) के दूसरे दिन शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को रेयर बुक्स, लाइब्रेरी केटलॉगिंग तथा लाइब्रेरी सेक्शन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने की। उन्होंने सभी शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को लाइब्रेरी की सुविधा का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप 2003 से संचालित एलिस एप पर अपनी आईडी बनवा सकते हैं। इसकी सहायता से आप अपनी कॉलेज की लाइब्रेरी में रखी बुक बैंक व रैक की किताबों को तलाश सकते हैं। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व छात्राओं की आईडी बनी हुई है। केटलोग से पुस्तकें देखना, तलाशना व नंबर लिखकर देने से पुस्तकें आराम से व कम समय में लाइब्रेरी स्टाफ द्वारा इशू के लिए निकाली जा सकती हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष सनमेक कुमार, पुस्तकालय इंचार्ज डॉ. अंजुला राजवंशी व अमित कुमार ने फैकल्टी को रेयर बुक्स, लाइब्रेरी केटलॉगिंग तथा लाइब्रेरी सेक्शन प्रयोग करने का तरीका ऑनलाइन व ऑफलाइन सिखाया। बाउंड जर्नल्स, जर्नल सेक्शन, रीडिंग सेक्शन, केरियर सेक्शन आदि की भी जानकारी दी गई। आंतरिक गुणवत्ता समिति की इंचार्ज डॉ. नीना बत्रा ने इस तरह के आयोजन को फैकल्टी व छात्राओं के हित में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे कॉलेज की लाइब्रेरी में काफी किताबें हैं जिनका प्रयोग कॉलेज छोड़ने पर पुरातन छात्र समिति का सदस्य बनने के बाद भी किया जा सकता है। आंतरिक गुणवत्ता समिति प्राचार्या जी के निर्देशन में लाइब्रेरी में नए सुझावों को लागू करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों डॉ. पूनम लखनपाल, डॉ. सीमा जैन, डॉ. पारुल सिंह, डॉ. कंचन पुरी, डॉ. निर्लेप कौर, डॉ. सोनिका चौधरी, डॉ. सुमन लता शर्मा, डॉ. अपर्णा वत्स, डॉ. भावना मित्तल, डॉ. छाया तेवतिया, अदिति चौधरी अदि ने कार्यक्रम के आयोजन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**दो दिवसीय फैकल्टी एनरीचमेंट प्रोग्राम का हुआ सफलता पूर्वक समापन**

DAINIK JAGRAN-22.12.2022 PAGE NO.5

# समाज को चलाने के लिए पैसे से ज्यादा ज्ञान की आवश्यकता



आरजी पीजी कालेज में अतिथि का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं • जागरण

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** आरजी पीजी कालेज में बुधवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। समाज को चलाने के लिए पैसे से ज्यादा ज्ञान की आवश्यकता है। भारत को विश्व गुरु बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। मुख्य अतिथि ने कालेज की दो खिलाड़ियों कराटे में स्वर्ण पदक पाने वाली खुशी धामा व बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पाने वाली खुशी पंत को सम्मानित भी किया।

सम्मेलन का विषय डिग्री स्तर पर शिक्षकों के लिए प्रेरणा प्रशिक्षण: उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की आज की आवश्यकता रहा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने वर्तमान में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया ।

## आरजी पीजी कालेज में दो दिवसीय प्रेरणा प्रशिक्षण राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ, खिलाड़ी सम्मानित

कृषि विवि मेरठ के पूर्व कुलपति प्रो. एचएस गौर ने कहा कि अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों को प्रेरित करने वाला हो। दिल्ली विवि में इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. विनय भारद्वाज, माछरा डिग्री कालेज के शिक्षा संकाय में एसोसिएट प्रोफेसर डा. राकेश शर्मा ने भी विचार रखे। संचालन डा. अनुपमा सिंह ने किया।

AMAR UJALA-22.12.2022 PAGE NO.2

# भारत को विश्व गुरु बनाने में शिक्षक अहम

## आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने रखे विचार

संवाद न्यूज एजेंसी





[illegible]

### उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना जरूरी : डॉ. निवेदिता मलिक

[illegible]

### राज्यों में भी हो सीयूईटी व्यवस्था तो छात्रों को मिलेगा लाभ : प्रो. त्रिपाठी



[illegible]

DAINIK INEXT-22.12.2022 PAGE NO.3

# देश को शिक्षक ही बना सकते हैं विश्वगुरु

PIC : JNN



आरजी पीजी कॉलेज में अतिथियों को सम्मानित किया गया.

**MEERUT (21 Dec, JNN):** समाज का चलाने के लिए पैसे से ज्यादा ज्ञान की आवश्यकता है, शिक्षा से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है. देश की उन्नति के लिए शिक्षा देने वाले शिक्षकों का व्यवहार सहज सरल और पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होना आवश्यक है. मस्तिष्क के साथ साथ दिल में भी नियमों का पालन करने के लिए सभी शिक्षकों को तैयार रहना चाहिए. चरित्रवान शिक्षक ही चयनित हो भारत को विश्व गुरु बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है. यह बात आरजी पीजी कालेज में बुधवार को शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहे. जो अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष भी हैं. सरदार वल्लभ भाई पटेल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी पूर्व कुलपति प्रो. एचएस गौर ने कहा दूसरों में सुधार चाहने से पहले हमें स्वयं को सुधारना होगा. तभी समाज में बदलाव होगा.

# कार्यकारिणी का चुनाव आज होगा

**MEERUT (21 Dec, JNN):** जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होगा. एसोसिएशन के महात्मा गांधी सभागार में सुबह नौ से शाम 5.30 बजे तक मतदान होगा. कार्यकारिणी के चुनाव में 933 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. मतदान केंद्र पर दोनों पैनल से दो-दो अभिकर्ता को मतदान केंद्र के अंदर आने की अनुमति दी गई है. अभिकर्ता सिर्फ मतदाता की पहचान कराने के लिए अधिकृत होंगे. मतदान केंद्र में कोई भी मतदाता अपना मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेगा. मतदाता को अपना बार काउंसिल का फोटो युक्त आईडी कार्ड दिखाकर ही मतदान करने का अधिकार होगा. मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक राज प्रेमी, सहायक चुनाव अधिकारी विशाल राणा, चंदकेश्वर शर्मा, वीएम शर्मा, मोहम्मद यासिर व मनीष कुमार की देखरेख में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होगी.

# AMAR UJALA 23-12-2022

## ई कंटेंट बनाएं शिक्षक : प्रो. राना

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. निवेदिता मलिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति प्रो. एसवीएस राना और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के डीन डॉ. आलोक वर्मा रहे। प्रो. एसवीएस ने कहा कि शिक्षक को अपने विषय का ज्ञान है अब सिर्फ इससे काम नहीं चलेगा। शिक्षकों को सारी तकनीकी को सीखना होगा। उन्होंने सभी शिक्षकों को ई कंटेंट बनाने को कहा। डॉ. आलोक वर्मा ने छात्राओं को मोबाइल का उपयोग रचनात्मक करने को कहा। संचालन डॉ. अनुपमा ने किया। डीन डॉ. रीनू जैन, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. नीना बत्रा, डॉ. शुभम त्यागी, डॉ. नेहा टंडन, डॉ. वत्सला आदि मौजूद रहे। संवाद

AMAR UJALA-29.12.2022 PAGE NO.6



## 21 स्किल कोर्स होंगे प्रारंभ

महाविद्यालय में 21 स्किल कोर्स विवि द्वारा अप्रूवल के लिए भेजे जा चुके हैं। बीएड विभाग द्वारा रोजगार मेला लगाया गया। जिसमें 31 छात्राओं का विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में चयन हुआ। इस वर्ष महाविद्यालय की 7 छात्राओं ने टीजीटी-पीजीटी की परीक्षा पास की और एक छात्रा का चयन आरजी इंटर कॉलेज में शिक्षिका के पद पर भी हुआ। दीक्षांत समारोह में इतिहास की छात्रा मिस्बा और बीवॉक की छात्रा शुभांगी अरोड़ा को भी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। छात्रा खुशी पंत ने बैडमिंटन में सीसीएसयू अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता और खुशी धामा ने 44 के भार वर्ग में अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। – प्रो. निवेदिता मलिक, प्राचार्य आरजी पीजी कॉलेज

DAINIK JAGRAN-12.1.2023PAGENO.7

# लेख-लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने रखे विचार

**मेरठ**: आरजी पीजी कालेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में रीसेंट ट्रेंडस एंड एडवांसमेंट इन कंप्यूटर टेक्नोलाजी विषय पर आनलाइन अंतर विश्वविद्यालय, अंतर महाविद्यालय और अंतरविभागीय लेख-लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने प्रतिभागियों द्वारा लिखे लेख की सराहना की। शोभित विश्वविद्यालय की तृष्णा सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन और मनुष्यों के बीच बढ़ते डिजिटल ट्रस्ट और निर्भरता को बताया। आइआइएमटी की सिबगा तुल्लाह ने कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों कल के समाज के लिए आधार है विषय की जानकारी दी। आरजी कालेज की खुशी गौतम ने बताया कि आजकल साफ्टवेयर इंजीनियर की भारी मांग है, जिन्हें साइबर सुरक्षा, सिस्टम विश्लेषण और डिजाइन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त होनी चाहिए।

DAINIK INEXT-13.1.2023PAGENO.2

# iNEXT CITY FOCUS

## iCITY BRIEFS

## सिमरन ने जीते कई मेडल



**MEERUT :** आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम की रेंजर सिमरन ने राजस्थान पाली जंबूरी में आयोजित स्काउट एवं गाइड की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. सिमरन ने एडवेंचर एक्टिविटीज टावर क्लाइंबिंग, मंकी क्राउलिंग, रोप क्लाइंबिंग, होराइजंटल क्रासिंग, रिंग टावर, मार्क मैनशिप, फन विद ड्रम्स, हार्स राइडिंग, रिंग थ्रो में भाग लेकर कई पदक जीते. प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने सिमरन की सफलता पर बधाई दी. वही दूसरी ओर राजनीति विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विकसित युवा विकसित भारत विषय-पर गोष्ठी का आयोजन किया गया. खुशी धामा ने खेल के क्षेत्र में छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. प्रेरणा ने स्वामी विवेकानन्द के जीवनी पर अपने विचार रखें.

# DAINIK INEXT-13.1.2023PAGENO.3

CITY BRIEFS

## युवाओं को याद कराई स्मरण शक्ति



**MEERUT :** आरजी पीजी कॉलेज, मेरठ मे प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी की अध्यक्षता मे एक विचार गोष्ठी हुई. इसका विषय रहा राष्ट्रीय विकास मे युवाओं का योगदान. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं मे युवाओं की शक्ति का स्मरण कराना और उस शक्ति का सही दिशा मे प्रयोग करना सिखाना था. कार्यक्रम मे डॉ.भावना शर्मा प्रमुख वक्ता रही. उन्होने स्वामी विवेकानंद के बारे मे बताया. कार्यक्रम मे सुमैया, लाइबा, मेघा, पूजा सोनाली , रश्मि, चंचल आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया.

# AMAR UJALA-14.1.2023PAGENO.6



आरजी पीजी कॉलेज में मनाया लोहड़ी पर्व। संवाद

## लोहड़ी पर्व पर मिष्ठान का वितरण किया

आरजी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी को मिठाई वितरित की। मवाना कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, डॉ. रेनू जैन, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. अनुराधा मलिक, डॉ. अनु रस्तोगी, डॉ. भावना मित्तल, डॉ. दीक्षा, डॉ. निर्लेप, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

AMAR UJALA-15.1.2023 PAGENO.5

# निबंध प्रतियोगिता में भव्या प्रथम

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन समिति द्वारा सड़क सुरक्षा के नियम एवं महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने निबंध के माध्यम से मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रयोग को वर्जित बताया। यातायात के नियमों का पालन करने, जेब्रा क्रॉसिंग के प्रयोग आदि की जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भव्या पांडे, द्वितीय स्थान शगुन बालियान व हर्षिता अग्रवाल और तृतीय स्थान पर साक्षी यादव रहीं। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक, डॉ. मनीषा सिंघल, डॉ. मंजू, डॉ. पूनम, डॉ. उपासना सिंह आदि मौजूद रहीं। संवाद



निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। संवाद

# AMAR UJALA-22.1.2023 PAGENO6



आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में फ्रेशर पार्टी में विजेता छात्राएं। संवाद

# मिस फ्रेशर बनीं रिया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को बीएड विभाग द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। छात्रा तनु, अनु व अनुष्का को क्लास प्रीफेक्ट नियुक्त किया गया। साथ ही मिस फ्रेशर रिया, मिस टैलेंटेड अनुष्का, मिस ब्यूटी विद ब्रेन अनु और मिस पर्सनैलिटी अनन्या बनी। निर्णायक डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. सीमा अग्रवाल व डॉ. आरती शर्मा रही। डॉ. शुभम त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संवाद

DAINIK JANVANI-22.1.2023PAGENO.4

# आरजी कॉलेज से जी-20 को लेकर निकाली रैली



**मेरठ :** आरजी पीजी कॉलेज के तत्वावधान में जी–20 सम्मेलन के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को एक रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं की यह रैली प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी की अध्यक्षता में रन फॉर जी–20 के संदर्भ में अर्थशास्त्र विभाग व वाणिज्य विभाग की सहायक प्रो. डॉ. शैलजा व डॉ. वत्सला ओबरॉय के संचालन में आयोजित की गई। जी–20 समूह दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जिसे दुनिया के आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर विचार–विमर्श एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक की अध्यक्षता करेगा जिसे भारत के लिए वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है। रैली में एनसीसी, एनएसएस, क्रीड़ा विभाग एवं रेंजर्स सहित महाविद्यालय की लगभग 200 छात्राओं ने अपनी भागीदारी की। रैली को सफल बनाने में डॉ. भावना मित्तल, डॉ. अर्चना रानी, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, व डॉ. नाजिमा इरफान ने अपना योगदान दिया।

AMAR UJALA-25.1.2023

# यातायात नियमों का पालन करने की ली शपथ



यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेतीं आरजी पीजी कॉलेज की छात्राएं और शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में मंगलवार को परिवहन समिति द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने मानव शृंखला का निर्माण किया। इसमें छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी नारे लगाए। सड़क यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा सिंहल, मास्टर ट्रेनर डॉ. मंजू लता के निर्देशन में कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीमा अग्रवाल एवं डॉ. पूनम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सभी को सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठने जैसे नियमों का पालन करने के लिए लोगों से अपील की। डॉ. बबीता मांझी, डॉ. अंजली गुप्ता, डॉ. उपासना सिंह, डॉ. प्रीति मौजूद रहीं। संवाद



सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली में शामिल चिकित्सक व छात्र-छात्राएं। संवाद

## विद्यार्थियों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

मेरठ। नोबल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियम जागरूकता सभा आयोजित की गई। उप निरीक्षक सचिन कुमार ने कक्षा आठ से 12 तक के बच्चों को ट्रैफिक नियमों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सविता शर्मा व शालिनी शर्मा ने किया। वहीं, एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में भी सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। इस दौरान उन्होंने लोगों को भी जागरूक किया। संवाद

HINDUSTAN-25.1.2023PAGENO.8



मंगलवार को आरजी कॉलेज के चित्रकला विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# पोस्टर में झलका बेटियों का प्यार

मेरठ। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मंगलवार को आरजी कॉलेज के चित्रकला विभाग में 'जीवन शिक्षा एवं प्यार बेटियों का भी है अधिकार' विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिस्सा लिया। शुभारंभ प्राचार्या प्रो.निवेदिता मलिक ने किया। प्रतियोगिता में कनोहरलाल कॉलेज से उमा जोशी प्रथम, सीसीएसयू कैंपस से तुषार सैनी एवं आरजी कॉलेज से सृष्टि द्वितीय रहीं। डॉ.अर्चना रानी, डॉ.नाजिमा इरफान, डॉ.पूनम लता सिंह, हिना यादव, गरिमा मौजूद रहीं। कॉलेज में एक्टिविटी क्लब एवं प्रोग्रेसिव वूमेन फोरम की ओर से 'बालिकाओं को बचाने की आवश्यकता क्यों है' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने विचार रखे।

# सड़क सुरक्षा पर किया जागरुक

मेरठ। आरजी कॉलेज में सड़क सुरक्ष एवं परिवहन समिति ने सड़क सुरक्ष जागरूकता अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाते हुए नियमों का पालन करने को प्रेरित किया। प्राचार्या प्रो.निवेदिता मलिक ने छात्राओं को दुपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग करने को प्रेरित किया।

# सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान दिवस पर प्रो. लता कुमार ने मतदान की शपथ दिलाई। छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाकर लगाए। प्रतियोगिता में गीतिका प्रथम, कुमकुम द्वितीय, इशिका, स्वाति दीक्षित, गुंजन व सुहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी। संचालन अधिकारी प्रो. स्वर्ण लता कदम ने किया।

## 'मतदान आपका अधिकार' का संदेश दिया

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य जनता में 'मतदान आपका अधिकार' व कर्तव्य' का संदेश देना व लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित जागरूक करना रहा। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी को शपथ दिलाते हुए मतदान का महत्व बताया। कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. डॉ. अलका चौधरी ने रैली को हरी झंडी दिखाई। इस्माईल गर्ल्स नेशनल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा ने सभी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। संवाद



रैली निकालतीं आरजी कॉलेज की छात्राएं। संवाद

DAINIK JAGRAN-28.1.2023 APGENO.7

# छात्राओं ने तपोवन से एकत्र किए जंगली पौधे

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** आरजी पीजी कालेज की वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने रविवार को शैवाल कल्चर लैब एवं वनस्पति उद्यान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। विभाग के विषय विशेषज्ञ प्रो. विजय मलिक, डा. रमाकांत और डा. अशोक कुमार ने छात्राओं को विभिन्न पादप समूह के विषय में जानकारी दी। विजय मलिक ने उद्यान में काली हल्दी, डेंडरोबियम आर्किड, जंजीबरेसी फैमिली के ब्लाक, जिम्नोस्पर्म ब्लाक और औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए भ्रमण करवाया। छात्राओं ने एल्गाल बायोटेक्नोलाजी लैब में हो रहे शोध कार्यों के बारे में भी बताया। इसके बाद छात्राओं ने तपोवन से जंगली पौधों का संग्रह किया।


AMAR UJALA-29.1.2023 PAGE NO.5

# पर्यावरण संरक्षण विषय प DA
# दिखाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में 'फिल्म क्लब' के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर छात्राओं को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। संचालन फिल्म क्लब की इंचार्ज डॉ. कल्पना चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं में संवेदनशीलता व जागरूकता जरूरी है। सचिव डॉ. बबीता मांझी, डॉ. पूनम लता सिंह, डॉ. गरिमा मलिक, चित्रांशी शर्मा, अंजली यादव, शैल वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, प्राचार्या प्रो. डॉ. निवेदिता कुमारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।

कॉमर्स एवं कंप्यूटर विभाग में वंदना ने पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को डाटा सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। विभागाध्यक्षा डॉ. पारूल रस्तोगी ने सभी का धन्यवाद किया। इस दौरान डॉ. वत्सला ओबेरॉय, डॉ. रीमा मित्तल, डॉ. अंजलि गोयल, नेहा टंडन आदि मौजूद रहीं।



डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखतीं छात्राएं। संवाद

DAINIK INEXT-29.1.2023PAGENO.5

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



## प्रतियोगिता

आरजी डिग्री कॉलेज सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस दौरान छात्राओं ने सुरक्षा सुरक्षा से जुडे नियम समझाए. छात्राओं ने ट्रैफिक रूल्स मानने की शपथ भी ली.

AMAR UAJLA-31.1.2023 PAGENO.5

# छात्राओं को भारतीय पारंपरिक कला का इतिहास बताया



आरजीपीजी कॉलेज में मॉडर्न आर्ट पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के चित्रकला विभाग में राष्ट्रीय संगोष्ठी रचनात्मक अभिव्यक्ति लोक पारंपरिक और आधुनिक कला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रो. डॉ. आरएन मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

विभागाध्यक्ष अर्चना रानी ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रो. आरएन मिश्रा ने सभी को भारतीय पारंपरिक कला के इतिहास के बारे में बताया। संचालन संयोजिका डॉ. पूनम लता सिंह ने किया। इस दौरान सहारनपुर, देहरादून, बिजनौर, दिल्ली, पटना आदि से कला साधक मौजूद रहे।

कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना, महाविद्यालय परिवहन व सड़क सुरक्षा समिति के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। नोडल अधिकारी मनीषा सिंघल, डॉ. मंजू लता आदि मौजूद रहीं। संवाद

# AMAR UJALA-1.2.2023

# लोकगीत प्रतियोगिता में लोकेश प्रथम



विजेताओं को पुरस्कृत करतीं प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के संगीत विभाग में अंतर विभागीय लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें लोकेश प्रथम, मोहिनी व मानसी द्वितीय, वंशिका व गरिमा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं प्रेरणा, गौरी साहनी, अनीता, गौरी पंजगोत्रा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अलका शर्मा व डॉ. अनीता कश्यप रहीं। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

वहीं, सड़क सुरक्षा एवं परिवहन समिति ने शिव चौक पर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। आरजी की छात्राओं ने पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने आदि विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा सिंहल, मास्टर ट्रेनर डॉ. मंजू लता, डॉ. उपासना सिंह, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी आदि मौजूद रहीं। संवाद

HINDUSTAN-2.2.2023 PAGENO4



शहर 30s



# छात्राओं ने समझी मसान कला

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज मे बुधवार को क्रिएटिव एक्सप्रेशन फोक ट्रेडिशनल एंड मॉडर्न आर्ट कांफ्रेंस संपन्न हो गई। पश्चिमी बंगाल से पहुंचे कलाकार मधुसूदन दास ने बंगाल की राजवंशी जनजाति की मसान कला पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई। मधुसूदन ने कहा कि मसान कला बांग्लादेश से भारत में पश्चिमी बंगाल, चटगांव, असम तक दिखाई पड़ती है। प्राचार्या डॉ. निवेदिता मलिक, डॉ.पूनम लता सिंह, अर्चना रानी, डॉ.नाजिमा, गरिमा कुमारी, हिना यादव, शबाहत मौजूद रहीं।

# DAINIK INEXT-3.2.2023

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पेंटिंग

आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय प्रीति के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया, और कालेज परिसर में रखें गमलों को पेंट किया.

AMAR UJALA-3.2.2023PAGENO.5

# चल वैजयंती पर आईआईएमटी का कब्जा



वाद-विवाद प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं व शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को डॉ. विमला पूरी चल वैजयंती अंतर विश्वविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की। जिसका विषय 'भारत विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रसर है' रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण से किया। प्रतियोगिता में 5 विश्वविद्यालय व 17 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। डॉ. विमला पूरी चल वैजयंती प्रतियोगिता में आईआईएमटी विजेता रहा। वहीं पक्ष-विपक्ष प्रतियोगिता में एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद प्रथम, शहीद मंगल पांडे कॉलेज व जेएनके कॉलेज द्वितीय तथा शोभित यूनिवर्सिटी तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायक चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य पूनम शर्मा, बेटी फाउंडेशन संचालक अंजू पांडे व अरुणोदय सोसायटी संस्थापक डॉ. अनुभूति चौहान रहीं। संचालन डॉ. गरिमा मलिक ने किया। वहीं बीएड विभाग में छात्राओं के लिए परीक्षाओं में होने वाले तनाव को दूर करने के लिए कैरिअर काउंसलिंग सेल द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें एक कोचिंग इंस्टिट्यूट के डॉयरेक्टर आलोक गुप्ता ने छात्राओं को सीटेट, यूपीटेट, टीजीटी, पीजीटी आदि परीक्षाओं की तैयारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. शुभम त्यागी, डॉ. शिवानी त्यागी आदि मौजूद रहीं। वहीं एनसीसी द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। इस दौरान मनीषा सिंघल, प्रीति आदि मौजूद रहीं। संवाद

DAINIK JAGRAN-5.2.2023

# प्रोजेक्ट में नजर आए आपका विचार और नयापन

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के कामर्स विभाग में शनिवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. आरएस सिंह ने टेक्निक्स फार मेकिंग प्रोजेक्ट विषय पर बताया कि प्रोजेक्ट हमेशा स्वयं ही बनाएं। एक सफल प्रोजेक्ट में टीम वर्क तथा दूसरों के साथ काम करने की क्षमता दिखाई देनी चाहिए। -जासं

# DAINIK JAGRAN-6.2.2023PAGENO.2

# भोले शंकर से है वादा जंक फूड नहीं है खाना

## अंडर-19 टी-20 विश्वकप विजेता टीम की सदस्य शिखा सहलोत पहुंचीं मेरठ

**जागरण संवाददाता, मेरठ:** दक्षिण अफ्रीका में हुए आइसीसी अंडर-19 टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप की विजेता भारतीय टीम की सदस्य शिखा सहलोत रविवार को मेरठ पहुंची। शिखा शिव भक्त हैं और रोजाना तीन बजे उठती हैं। उनका अगला लक्ष्य महिला आइपीएल में बेहतर प्रदर्शन है।

गाजियाबाद के अटौर नंगला गांव निवासी शिखा की मौसी आरजी पीजी कालेज में वनस्पति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर मधु मलिक आदर्श नगर में रहती हैं। शिखा दोपहर को मौसी के यहां पहुंचीं। चेहरे पर विजयी मुस्कान के साथ शिखा ने बताया जब से वह लौटी हैं, स्वागत सत्कार और लोगों से मिलने का कार्यक्रम चल रहा है। बताया कि अगला मुकाम महिला आइपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। रोजाना करीब आठ घंटे अभ्यास कर रही हैं। खानपान की बात पर शिखा बताती हैं कि वह भगवान भोलेनाथ की भक्त हैं, और वचन दिया है कि फास्ट और जंक फूड नहीं खाएंगी। शिखा ने पिछले चार साल से जंक फूड नहीं खाया है। वह सुबह नाश्ते में अंकुरित चने, हरी मूंग, काजू और बादाम ही खाती हैं। युवाओं को यदि अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है और स्वस्थ रहना है तो फास्ट और जंक फूड का त्याग करना जरूरी है। गौरतलब है कि शिखा को विश्व कप के दौरान अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी।


मौसी डा. मधु मलिक के साथ शिखा • सौ. स्वजन

**DAINIK JAGRAN-6.2.2023PAGENO.2**

प्रदर्शन कर
दी है। रोज



# हमने यह ठाना है, मेरठ को स्वच्छ बनाना है...

वसुधा इको क्लब और ग्रीन कैंपस के अंतर्गत आरजी पीजी कालेज की छात्राओं ने रविवार को रैली निकाली। जिसका उद्देश्य मेरठ को स्वच्छ बनाना था। छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने के लिए हम सब ने यह ठाना है मेरठ को स्वच्छ बनाना है नारा लगाया। रैली कालेज परिसर से निकलकर बच्चा पार्क पहुंची। छात्राओं ने लोगों को कूड़ेदान का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। छात्राओं ने पहल एक प्रयास संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर महाराणा प्रताप की मूर्ति को साफ किया। डा. रेनू जैन, शैली चौधरी, प्रज्ञा चौधरी, आकांक्षा यादव और प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक भी उपस्थित रहीं • जागरण

AMAR UJALA-7.2.2023PAGENO.5

## न्यूज कैप्सूल

# पार्क का भ्रमण कर मानचित्र बनाया



सूरजकुंड पार्क में सर्वेक्षण शिविर के दौरान मौजूद छात्राएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी की अध्यक्षता में 10 दिवसीय सर्वेक्षण कैंप सूरजकुंड पार्क में आरंभ हुआ। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने पार्क का भ्रमण कर उसका मानचित्र बनाया। यह छात्राओं के पाठ्यक्रम का भाग है। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. दीपशिखा शर्मा, डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. सुषमा गौड, शैल वर्मा आदि मौजूद रहीं। संवाद

# DAINIK JAGRAN-8.2.2023



आरजीपीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रदर्शनी देखतीं शिक्षिकाएं • जागरण

# पोस्टर प्रतियोगिता में हिमांशी रही प्रथम

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : आरजीपीजी कालेज में मंगलवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता का संदेश दिया गया।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता ने वनस्पति विज्ञान विभाग की बाटनी एकेडमिक एवं कल्चरल सोसायटी के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। जिसमें छात्राओं को बैज दिए गए। सेव मदर नेचर विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव संयोगिता रहीं। तम्मना और अलसा ने संचालन किया। अदिति कौशिक ने विभाग की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रथम स्थान हिमांशी भड़ाना, द्वितीय आक्सीराज, तृतीय स्थान यशिका और कनिका एवं सांत्वना पुरस्कार प्रियांशी राज प्राप्त किया। वसुधा इको क्लब ग्रीन कैंपस ने वनस्पति विज्ञान विभाग के सहयोग नो टू प्लास्टिक विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसकी आयोजन सचिव डा. गीता सिंह रहीं। इसमें छात्राओं ने पुराने वस्त्रों से निर्मित थैलों का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान ख़ुशी, द्वितीय स्थान नज़रा, तृतीय स्थान शिफा अंसारी एवं सांत्वना पुरस्कार ऋतु और अदिति कौशिक ने प्राप्त किया। दोनों ही प्रतियोगिता में डा. नाजिमा, उपासना मोतला तथा डा. सुनीता सिंह निर्णायक रहीं। वसुधा इको क्लब-कोऑर्डिनेटर डा. कल्पना चौधरी, विभागाध्यक्ष निलेप कौर, डा. अमिता शर्मा, डा. गरिमा मलिक, अनामिका, डा. मधु मलिक, डा. अनुपमा सिंह सहयोग रहा।

AMAR UJALA-8.2.2023PAGENO.6



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। संवाद

# खुशी ने सबसे सुंदर थैला बनाया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में मंगलवार को बॉटनी अकादमिक एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय प्रकृति बचाओ रहा। तम्मना और अलसा ने कार्यक्रम का संचालन किया। वसुधा इको क्लब ग्रीन कैंपस द्वारा प्लास्टिक को ना कहे विषय पर थैला बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान नजरा व तृतीय स्थान पर शिफा अंसारी रहीं। संवाद



पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं-शिक्षिकाएं। संवाद

DAINIK INEXT-10.2.2023PAGENO.3

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# जय हिंद

आरजी पीजी कॉलेज में रेंजर्स शिविर आयोजित किया गया. इस दौरान छात्राओं को स्वतंत्रतता संग्राम के बारे में जानकारी दी गई. इसके साथ ही देश के लिए जान कुर्बान करने वाले महापुरुषों की कहानियां बताई गई.

# DAINIK JANVANI- 10-2-2023 Pg No.6

## गांधी दर्शन पर प्रकाश डाला



मेरठ: आरजी डिग्री कालेज के इतिहास विभाग द्वारा प्राचार्या कु. निवेदिता के निर्देशन में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो. केडी शर्मा द्वारा गांधी दर्शन एवं उसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए गए। साथ ही उन्होंने गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रम के विषय में बताया। उनका कहना था कि गांधीजी को राजनीतिज्ञ न कहकर समाज सुधारक कहना चाहिए उसके साथ ही उन्होंने खादी की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. रीनू जैन ने की। कार्यक्रम के सफल संचालन में डा. अपर्णा वत्स, अंजली गुप्ता, डा. पूनम, डा. पूजा राजोरिया ने सहयोग किया।

# DAINIK iNEXT- 11-2-2023 Pg No.5

दैनिक जागरण, Meerut, 11 February 2023


## CITY BRIEFS

# छात्राओं ने सीखा गांठ बंधन



**MEERUT** : आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम द्वारा तीन दिवसीय प्रवेश और प्रवीण प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड भवन लाल कुर्ती से प्रशिक्षक पूनम चौधरी ने वी फार्मेशन, स्काउट गीत, झंडा गीत, गाइड प्रतिज्ञा का अभ्यास करवाया. रेंजर्स को गांठे बंधन सिखाया जिसमे खुटा फांस, जुलाहा गांठ, लघुकर गांठ, मछुआ गांठ, ध्रुव गांठ, जीवन रेखा गांठ, डाक्टर गांठ , वर्गाकार बंधन, अष्टाकार बंधन जैसी गांठ शामिल रही. प्राथमिक चिकित्सा मे पट्टियों की जानकारी, स्ट्रेचर बनाना, सिर की पट्टी, बड़ा झोल, छोटा झोल, घुटने की पट्टी, हाथ की हथेली की पट्टी बांधना सिखाया गया. प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक, डा. सुनीता सिं और मानसी कश्यप भी उपस्थित रही. विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिंह और डा. भावना मित्तल भी उपस्थित रही.

AMAR UJALA-12.2.2023PAGENO.5

# व्यवस्थित अनुसंधान पर ध्यान दें छात्र



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के एलएमएस (लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम) सेल तथा रीस्किलिंग सेल के तत्वावधान में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति एपी गर्ग, मुख्य वक्ता सीसीएसयू के एजुकेशन विभाग के पूर्व डीन प्रो. जेएस भारद्वाज तथा प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि एपी गर्ग, मुख्य वक्ता प्रो. जेएस भारद्वाज और प्राचार्य प्रो. निवेदिता ने शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए रिसर्च अनुसंधान का विशेष महत्व बताया। संयोजक डॉ. रजनी श्रीवास्तव रहीं। संवाद

# DAINIK JANVANI-12.2.2023PAGENO.3

## आरजी में बसा तंबुओं शहर, छात्राओं को किया पुरस्कृत



मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को रेंजर्स टीम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रवेश और प्रवीण शिविर का समापन समारोह हुआ। जिसमें सभी रेंजर्स ने टेंट निर्माण का कार्य किया। कुल 10 टेंट लगाए गए। जिसमें तीन टेंट प्रवीण के और सात टेंट प्रवेश के थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने की तथा निर्णायक मंडल में डॉ. कुमकुम पारीख एसोसिएट प्रो. मनोविज्ञान विभाग तथा डॉ. भावना मित्तल एसोसिएट प्रो. शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। प्रशिक्षक पूनम चौधरी भारत स्काउट एवं गाइड भवन मौजूद रही। शिविर का अयोजन डॉ. सुनीता सिंह रेंजर लीडर रेंजर्स टीम ने किया। सभी रेंजर्स ने बहुत ही सुंदर झांकी सजाई, रंगोली बनाई, गैजेट्स बनाए और साथ ही फूड प्लाजा लगाया। इस अवसर पर आरजी रेंजर्स टीम की सीनियर रेंजर मेट सिमरन को उनके 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी पाली राजस्थान में प्रतिभागिता के लिए ट्रॉफी व प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। रेंजर टीम की बेस्ट रेंजर लीडर का सम्मान नेहा ठाकुर और मानसी कश्यप को दिया गया। बेस्ट को लीडर भुमिका शाक्या और निशा शाक्या रही। बेस्ट सर्विस रेंजर आरती, नैना, टीशा, स्वेता पोसवाल और भारती रही। साथ ही रेंजर मानसी ने प्राचार्या और निर्णायक मंडल को हाथों से बने कपड़े के पर्स भी उपहार में दिए। प्रवेश टीम में प्रथम पुरस्कार सरोजनी नायडू व मेरी कोम टोली को, दूसरा पुरुस्कार मीरा बाई व जीजा बाई और तीसरा पुरस्कार पीटी उषा और सुनीता विलियम्स टोली को मिला। प्रवीण टीम में प्रथम पुरस्कार कस्तूरबा टोली और किरण बेदी टोली को गया। दूसरा पुरस्कार सावित्री बाई फुले टोली को गया और तीसरा पुरस्कार अहिल्या बाई टोली को गया। सांत्वना पुरस्कार मदर टेरेसा और कल्पना चावला टोली को मिला। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने सभी रेंजर्स को इसी प्रकार जीवन में मेहनत करने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया उनके द्वारा बनाए गए टेंट और विभिन्न प्रकार की व्यंजनों का लुफ्त उठाया साथ ही उन्हें अपने जीवन में ईमानदार और एक मजबूत व्यक्तित्व विकसित करने के लिए कहा।



आरजी पीजी कालेज में तूलिका रानी को सम्मानित करतीं प्राचार्य • जागरण

# स्टार्टअप में योगदान दें महिलाएं : तूलिका रानी

आरजी पीजी कालेज पहुंचीं उत्तर प्रदेश से जी-20 की ब्रांड एंबेसडर व स्क्वाड्रन लीडर

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : आरजी पीजी कालेज इनोवेशन सेंटर की ओर से सोमवार को जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत महिलाओं का नवाचार स्टार्टअप में योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश से जी-20 की ब्रांड एंबेसडर व स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी ने कहा कि स्टार्टअप में महिलाएं विशेष योगदान दे सकती हैं। जरूरी है कि महिला उद्यमियों के लिए परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएं। महिलाएं अपनी क्षमता को पहचान कर नवाचार की दुनिया में नाम रोशन कर सकती हैं।

तूलिका रानी ने कहा कि देश स्टार्टअप के लिए हाट स्पाट बनकर उभरा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने कहा कि कालेज के लिए गर्व की बात है कि तूलिका रानी कालेज की पुरातन छात्रा हैं। विशिष्ट अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्टार्टअप सेल व इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. हरे कृष्णा ने कहा कि देश में 2016 में 417 स्टार्टअप थे, 2023 में 86,456 हो गए। छह वर्ष में स्टार्टअप की संख्या में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। वर्तमान में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं, जिनका मूल्यांकन 335 अरब डालर है।

## स्टार्टअप ने दी 8.88 लाख से ज्यादा नौकरी

वक्ता प्रो. राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि देश की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप आज स्टार्टअप इनोवेशन आर्थिक सुधारों और विकास के इंजन बन गए हैं। देश में स्टार्टअप को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार कई तरह के प्रोग्राम चला रही है और युवाओं को रोजगार भी दे रही है। आंकड़ों के अनुसार स्टार्टअप से आठ लाख 88 हजार से ज्यादा नौकरी सृजित हुई हैं। शैलेंद्र जायसवाल, डा. सीमा जैन, डा. सोनिका चौधरी, डा. रीनू जैन उपस्थित रहीं।

AMAR UJALA-15.2.2023PAGENO.5

my city
amarujala.com/me

# # हम लोग







## फ्रेशर पार्टी में धमाल...

आरजी पीजी कॉलेज में मंगलवार को कॉमर्स विभाग में फेयरवेल व फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल रस्तोगी ने किया। बीकॉम से मिस फ्रेशर करिशा व मिस फेयरवेल मदिया जावेद बनीं। एमकॉम से मिस फ्रेशर अनुकृति व मिस फेयरवेल गीतिका रहीं। संवाद

DAINIK JANVANI-15.2.2023 PAGE NO.6



# छात्राओं को दी कॅरियर बनाने की जानकारी



मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में मंगलवार को एक कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डा. अंशु उज्जवल असिस्टेंट प्रो. डीजे कॉलेज बड़ौत रही। विभागाध्यक्षा डा. पारुल सिंह ने सभी का अभिनंदन किया। अंग्रेजी लिटरेचर एंड लैंग्वेज की कोऑर्डिनेटर डा. ममता उपाध्याय ने कार्यक्रम का संयोजन किया। डा. अंशु ने अपने व्याख्यान में कहा कि अंग्रेजी विषय में रोजगार के बहुत सारे अवसर उपलब्ध है। अंग्रेजी एक कारपोरेट भाषा है और कॅरियर के दो प्रकार होते हैं डिपेंडेंट और इंडिपेंडेंट। अंग्रेजी भाषा में विभिन्न रोजगार के अवसर जैसे ब्लॉग, कंटेंट लेखन, जर्नलिज्म, ट्रांसलेटर और इंटरप्रेटर आदि अवसर भी बच्चों के लिए उपलब्ध है। अंग्रेजी एक ग्लोबल भाषा है, इसलिए इसमें रोजगार के अवसर की संभावना भी ज्यादा है।

DAINIK JAGRAN-16.2.2023PAGENO.9

# सिविल सर्विसेज के लिए चुनें अपनी रुचि का विषय

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के एकेडमिक एंड करियर काउंसलिंग सेल की ओर बुधवार को सिविल सर्विसेज की तैयारी कैसे करें विषय पर आयोजित सेमिनार में कोचिंग इंस्टिट्यूट दृष्टि आइएएस नई दिल्ली के प्रशांत शर्मा मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि सबसे पहले मानसिक और तार्किक योग्यता बढ़ाएं। जितना आवश्यक हो मोबाइल का उतना ही प्रयोग करें। छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए प्रशांत शर्मा ने कहा कि विषय का चुनाव अपनी रुचि के अनुसार करें और दिन में आठ घंटे तैयारी को अवश्य दें। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक, संयोजिका डा. रेनू जैन, डा. दीक्षा यजुर्वेदी मौजूद रहे।

AMAR UJALA-16.2.2023PAGENO.5

# नेचुरोपैथी लैब में किया छात्राओं की समस्याओं का समाधान



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के योग विज्ञान विभाग में योग विज्ञान विभाग एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन दिल्ली द्वारा आयोजित शिविर में बुधवार को छात्राओं को योग विज्ञान विभाग की लैब दिखाई गई। छात्राओं की समस्याओं का हल भी किया गया।

छात्राओं ने एक साल का रजिस्ट्रेशन भी कराया, ताकि वह नेचुरोपैथी लैब में आ सकें। इसके साथ-साथ नेचुरोपैथी कैंप में आज छात्राओं को अपनी आंखों का आईवाश प्राकृतिक तरीके से कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी गई। छात्राओं के साथ इतिहास विभाग, होम साइंस एवं राजनीति विज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं ने भी प्राकृतिक चिकित्सा पर परामर्श लिया।

## सिविल सर्विस की तैयारी के टिप्स दिए

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में बुधवार को एकेडमिक एंड कैरिअर काउंसलिंग सेल तथा यूपीएससी कोचिंग इंस्टीट्यूट दृष्टि आईएएस नई दिल्ली के तत्वावधान में 'सिविल सर्विस की तैयारी कैसे करें' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। मुख्य वक्ता दृष्टि एकेडमी नई दिल्ली से प्रशांत शर्मा रहे। उन्होंने सिविल सर्विसेज में कैरिअर व आईएएस की परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स दिए। साथ ही मानसिक और तार्किक योग्यता बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यक्रम की संयोजक एकेडमी एंड कैरिअर काउंसलिंग सेल कोऑर्डिनेटर डॉ. रेनू जैन रहीं। इस दौरान डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. सीमा अग्रवाल, नेहा टंडन, हिना व अनामिका आदि मौजूद रहीं। संवाद

# HINDUSTAN-16.2.2023PAGENO.2

## छात्राओं ने समझी शोध की प्रक्रिया



मेरठ। आरजी कॉलेज में बुधवार को शोध की गुणवत्ता पर व्याख्यान हुआ। री-स्किल सेल एवं एलएलएस द्वारा न्यू ट्रेंडस इन रिसर्च मेथॉडलॉजी विषय पर रिसोर्सपर्सन प्रो. दिनेश कुमार ने किसी के प्रयोग किए संदर्भ को दूसरे के संदर्भ को प्रयोग करने की प्रक्रिया समझाई। प्रो. रेखा राणा ने शोध की रूपरेखा बनाने और शोध के आधार को समझाया। प्राचार्या डॉ. निवेदिता कुमारी, डॉ. अर्चना रानी, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. पारुल रस्तोगी, डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. सुनीता मौजूद रहे।

AMAR UJALA-17.2.2023PAGENO.6

# छात्राओं को दी कैंसर से बचाव की जानकारी

## इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में कैंसर होने के कारणों और उसकी रोकथाम पर व्याख्यान

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज की मेडिकल ऐंड सर्जरी व इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में कैंसर होने के कारणों और उसकी रोकथाम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ता डॉ. मधु गुप्ता ने कैंसर होने के कारणों एवं कैंसर की रोकथाम के बारे में बताया। कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुराधा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट कमलेश सिंघल, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. नीना बत्रा, छात्र कल्याण संघ की डीन डॉ. रीनू जैन, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. अमिता आदि मौजूद रहीं।



डॉ. मधु गुप्ता

वहीं कौशल विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत सिलाई संबंधी सकुशल प्रशिक्षण कोर्स संपन्न हुआ। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, डॉ. सीमा, डॉ. रेनू कांबोज ने छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।



आरजी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

वहीं योग विज्ञान विभाग में योग विज्ञान विभाग एवं इंटरनेशनल नेचरोपैथी ऑर्गनाइजेशन दिल्ली के तत्वावधान में योग नेचुरोपैथी परामर्श शिविर आयोजित किया गया। योग एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषिपाल ने छात्राओं को अपनी आंखों का आईवाश प्राकृतिक तरीके से कैसे करें इसकी जानकारी दी। संवाद

■ फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ औषधि प्रशासन निदेशालय के फूड सेफ्टी अधिकारी वैभव शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। सीसीएसयू के असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिनेश पंवार ने मिलावटी खाद्य पदार्थों व दुष्प्रभाव विषय पर जानकारी दी। विशिष्ठ अतिथि जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक दीपक शर्मा ने छात्राओं को समाज में मिलावट के प्रति जागरूक किया। समन्वयक डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी व सचिव महरूख इफ्फत ने संचालन किया।



आरजी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

# लाल मिर्च पाउडर में मिला ईंट का चूरा, धनिए में लकड़ी का बुरादा

**आरजी पीजी कालेज में हुई कार्यशाला में छात्राओं ने जांचे खाद्य पदार्थों के सैंपल**

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज के गृह विज्ञान एवं [illegible] विभाग की ओर से [illegible] खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच विषय पर [illegible] दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसमें छात्राओं ने नमकीन, [illegible] और [illegible] के अलावा अन्य [illegible] में [illegible] हुए [illegible] और मसालों के सैंपल की जांच की। [illegible] के [illegible] में आयोजित कार्यशाला के पहले दिन प्रथम सत्र में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के फूड सेफ्टी आफिसर [illegible] शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय माइक्रोबायोलाजी विभाग के डा. [illegible] ने छात्राओं को मिलावटी खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक दीपक शर्मा ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन करना सेहत के प्रति खिलवाड़ करना है। इसलिए जहां तक संभव हो साबुत मसालों को घर में पीसें। द्वितीय सत्र में प्रोफेसर प्रथम और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने दूध, हल्दी, धनिया, चाय, काली मिर्च के एकत्रित सैंपल का परीक्षण कर सभी रसायनिक टेस्ट किए।

दूध व मसालों के लगभग 10 सैंपल में यूरिया, डिटर्जेंट, फार्मलीन, सोडियम बाई कार्बोनेट और स्टार्च की मिलावट की जांच की गई। मसालों के 40 सैंपल में हल्दी में मेटानिल येलो, लाल मिर्च पाउडर में ईंट का चूरा, धनिए में लकड़ी का बुरादा मिला।



आरजी पीजी कालेज स्थित प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थों की जांच करती छात्राएं • जागरण

HINDUSTAN- 17-2-2023 Pg No.8

# ब्रिलियंट एकेडमी में खेलकूद स्पर्धा



मेरठ। ब्रिलियंट श्रेय एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई, जिसमें मुख्य अतिथि आरजीपीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. निवेदिता, विशिष्ट अतिथि वीवीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि चौ. चरण सिंह विवि के जेनेटिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा रहे। प्रधानाचार्य संगीता बिष्ट, अंजलि सक्सेना, पुष्पा गौतम, नूतन, कोमल वैद्य, प्रीति सिंह मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN- 18-2-2023 Pg No.11

# संस्कृत में रोजगार के सुनहरे अवसर

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : आरजी पीजी कालेज के संस्कृत विभाग में संस्कृत साहित्य परिषद की ओर से शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एनएएस कालेज संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. उमा शर्मा ने संस्कृत एवं व्यवसाय विषय पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ही नहीं, भारतीय संस्कृति में संस्कृत का विशेष महत्व और योगदान रहा है।

संस्कृत विषय का अध्ययन करने के पश्चात विद्यार्थी अपने करियर में विभिन्न रोजगार कर सकते हैं। जिसके अंतर्गत सिविल सर्विसेज, उच्च, माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा में अध्यापक, सेना में पौरोहित्य कर्म, धर्म गुरु, अनुवादक, योग प्रशिक्षक, ज्योतिष, आयुर्वेद वैद्य, संस्कृत वार्ताकार के रूप में कई सुनहरे अवसर हैं। संस्कृत सिर्फ पूजा पाठ की भाषा नहीं है, बल्कि वैज्ञानिकता, आध्यात्मिकता, ज्ञान सभी में इसकी व्यापकता है। वहीं अंग्रेजी विभाग में आयोजित अतिथि व्याख्यान में वक्ता गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी हरिद्वार के प्रो. श्रवण कुमार शर्मा ने इंडियन ड्रैमेटर्जी इन रिलेशन टू द थ्योरी आफ रस विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय सौंदर्य परंपरा सिद्धांतों की निरंतर अभिव्यक्ति है, जिसमें रस, अलंकार, रीति शामिल है। पाठक अध्ययन करते समय अलग-अलग समय में रोमांच महसूस करता है।

DAINIK JANVANI-18.2.2023PAGENO.4

# दूध में मिली यूरिया की मात्रा, छात्रों ने की दूध के सैंपल की जांच



मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच पर दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित किए गए दूध, दुग्ध पदार्थ और मसालों में मिलावट की जांच की गई। प्राचार्या डा. निवेदिता मलिक के संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला के दूसरे दिन प्रथम सत्र में छात्राओं द्वारा एकत्रित सैंपल्स में रासनियक परीक्षण कर मिलावट की विस्तृत जांच की गई। द्वितीय सत्र के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि दीपक शर्मा, समन्वयक जिला विज्ञान क्लब व संरक्षिका प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। समन्वयक डा. दीक्षा यजुवेर्दी द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला की आख्या प्रस्तुत की गई व समाज में जागरुकता लाने के उद्देश्य को परिलक्षित किया गया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जानकारी व जागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया। फूड साइंस विभाग द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यशाला में मसालों के लगभग 80 सैंपलों में हल्दी व काली मिर्च के सैंपल्स में मिलावट पाई गई। दूध में यूरिया की उपस्थिति मिली। समन्वयक डा. दीक्षा यजुवेर्दी के निर्देशन में आयोजन सचिव महरूख इफ्फत और नीरु बत्रा व सोबिया ने कार्यशाला का संचालन किया। समापन सत्र में डा. निर्लेप कौर, डा. मंजू सिंह, उपासना देवी, डा. संगीता भाटिया, डा. रेनू चौधरी, डा. नलिनी द्विवेदी, चित्रांशी शर्मा, प्रियंका आदि उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को प्राचार्या द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आशीष कुमार, बृजपाल, सुनील व बंटी का विशेष सहयोग रहा।

HINDUSTAN-21.2.2023

# डॉ. अतुल को आउट स्टैंडिंग फिजियो अवार्ड

मेरठ। फरीदाबाद के मानव रचना इंस्टीट्यूट में आयोजित इंटरनेशनल फिजियो थेरेपी कॉन्फ्रेंस में मेरठ के डॉ. अतुल चौहान को आउट स्टैंडिंग फिजियो के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में अलग-अलग शहर से डॉक्टर और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। डॉ. अतुल को यह अवार्ड मिस जापान मेगौमी साइटों द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि मंत्री चौ. कृष्ण गुर्जर रहे।



सोमवार को भारत विकास परिषद शास्त्रीनगर (विकास रत्न) शाखा के सदस्यों ने आईएमए हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

AMAR UJALA- 21-2-2023

# अदिति ने सबसे सुंदर पोस्टर बनाया



जवाहरनगर बस्ती में पाठ्य सामग्री वितरित करतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को दिव्यांग एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा रैली निकाली गई। प्राचार्या प्रो.निवेदिता कुमारी के निर्देशन में किया गया। जवाहर नगर बस्ती में छात्राओं ने गरीब बच्चों को किताबें, पेन आदि सामान वितरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति कौशिक, द्वितीय स्थान आकांक्षा शर्मा व तृतीय स्थान पर अफीरा अली रहीं प्रकोष्ठ इंचार्ज डॉ. पारुल सिंह ने विजेताओं छात्राओं को बधाई दी। संवाद

DAINIK JAGRAN-23.2.2023PAGENO.5

जागरण सिटी
मेरठ, गुरुवार, 23 फरवरी, 2023




# रंगारंग प्रस्तुति से समां बांधा

आरजी पीजी कालेज में बुधवार को युवा महोत्सव-2023 अभिव्यक्ति के अंतर्गत दूसरे दिन छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से समां बांध दिया। सोशल मीडिया बून और बैन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का शुभारंभ इस्माइल पीजी कालेज की प्राचार्य डा. अनीता राठी और आरजी पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। इसमें आइआइएमटी यूनिवर्सिटी की रिया त्यागी प्रथम, आरजी पीजी कालेज की आयुषी दूसरे और रितिका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं आशु वक्तव्य प्रतियोगिता में आरजी पीजी कालेज की अक्षी शर्मा प्रथम, शगुन बालियान दूसरे और मेरठ कालेज की खिराद जहरा तीसरे स्थान पर रहीं। • जागरण

# लोकगीत प्रतियोगिता में छात्राओं ने मचाया धमाल



मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज में गुरुवार को युवा महोत्सव 2023 अभिव्यक्ति के तत्वावधान में लोकगीत प्रतियोगिता व टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. साधना तोमर प्राचार्या आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय हापुड़ ने मां सरस्वती के संमुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. सुमन लता शर्मा के संयोजन में लोकगीत आधारित प्रतियोगिता में 8 समूह गीत व 30 एकल गीत की प्रस्तुतियां दी गई। डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी व डॉ. गरिमा मालिक के संयुक्त संयोजन में आयोजित टैलेंट हंट में प्रतिभागियों ने वाद्य यंत्र (तबला वादन, सितार, बांसुरी, ढोलक, गिटार) आदि पर बेहतरीन प्रस्तुतियां देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही सामाजिक मुद्दों पर आधारित माइम (मूक अभिनय) कला के माध्यम से भी भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मोनो एक्टिंग, स्टैंड अप कॉमेडी, कविता पाठ आदि टैलेंट का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मेरठ व एनसीआर के अतिरिक्त आगरा, गौतमबुद्ध नगर से भी उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता हुई। निर्णायक मंडल में सोनिया रायजादा निदेशक सोनिया टेलीफिल्म, प्रो. भावना ग्रोवर हेड परफार्मिंग आर्ट्स विभाग सुभारती विवि, डॉ. अलका शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष संगीत विभाग आरजी कॉलेज व डॉ. शैल शर्मा निदेशक स्वरांचल म्यूजिक स्कूल मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजिका सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. रेनू जैन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया व धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. सुनीता, डॉ. नीलम, डॉ. किरण शर्मा, डॉ. स्वाति शर्मा, उपासना आदि मौजूद रहे।

AMAR UJALA-24.2.2023PAGENO.6

# युवा महोत्सव में लोकगीतों की धूम



## आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित युवा महोत्सव में हुआ समूह लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को युवा महोत्सव-2023 अभिव्यक्ति कार्यक्रम में समूह लोकगीत और टैलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय हापुड़ की प्राचार्य प्रो. साधना तोमर व प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. सुमन लता शर्मा के संयोजन में लोकगीत आधारित प्रतियोगिता में 8 समूह गीत व 30 एकल गीत की प्रस्तुतियां दी गईं।

डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी व डॉ. गरिमा मलिक के संयुक्त संयोजन में आयोजित टैलेंट हंट में प्रतिभागियों ने वाद्य यंत्र (तबला वादन, सितार, बांसुरी, ढोलक, गिटार) आदि पर बेहतरीन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। टैलेंट हंट प्रतियोगिता में कृषि विवि (टीम 13) प्रथम, कृषि विवि (टीम 14) द्वितीय और तृतीय स्थान पर मेरठ कॉलेज मेरठ रहा। वहीं सांत्वना पुरस्कार आरजी पीजी कॉलेज ने प्राप्त किया।



आरजीपीजी कॉलेज में चल रहे युवा महोत्सव में गीत की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। संवाद



आरजीपीजी कॉलेज में चल रहे युवा महोत्सव में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

- एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरजी पीजी कॉलेज व आर्य कन्या पीजी कॉलेज हापुड़, द्वितीय स्थान कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज और तृतीय स्थान पर इस्माईल पीजी कॉलेज रहा। सांत्वना पुरस्कार सुभारती विवि व आर्य कन्या इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया।
- समूह गीत में प्रथम स्थान कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज, द्वितीय आरजी पीजी कॉलेज व तृतीय स्थान पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज रहा। सांत्वना पुरस्कार इस्माईल पीजी कॉलेज व सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय ने प्राप्त किया। निर्णायक सोनिया टेलीफिल्म्स की निदेशक सोनिया रायजादा, सुभारती यूनिवर्सिटी परफार्मिंग विभाग आर्ट्स से प्रो. भावना ग्रोवर हेड, आरजी पीजी कॉलेज की संगीत पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शर्मा व स्वरांचल म्यूजिक निदेशक डॉ. शैल शर्मा रहीं।
- आयोजक सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. रेनू जैन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन कर सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. सुनीता, डॉ. नीलम, डॉ. किरण शर्मा, डॉ. स्वाति शर्मा, उपासना, डॉ. नेहा टंडन, डॉ. नलिनी द्विवेदी, डॉ. वत्सला, डॉ. श्वेता त्यागी, डॉ. रेनू चौधरी एवं हेमंत शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

DAINIK JAGRAN-25.2.2023PAGENO.4






शुक्रवार को आरजी पीजी कालेज मे यूथ फेस्टिवल के दौरान छात्राओ ने सामाजिक मुद्दों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी • जागरण

# विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों की ओर खींचा ध्यान

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में युवा महोत्सव अभिव्यक्ति कार्यक्रम के चौथे दिन शुक्रवार को विभागीय एवं अंतर विश्वविद्यालय स्किट प्रतियोगिता हुई। इसकी शुरुआत प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक और मुख्य अतिथि जनता वैदिक कालेज बड़ौत के पूर्व प्रो. गजेंद्र सिंह को। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल इंस्टीट्यूट, रुद्रा इंस्टीट्यूट, कनोहर लाल पीजी कालेज, इस्माइल पीजी कालेज, राजकीय कालेज नोएडा और आगरा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

स्किट के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने किन्नरों की समस्या, राजनीति में शिक्षा का महत्व, लड़कियों का छेड़छाड़ से होने वाला तनाव, कन्याभ्रूण हत्या और पर्यावरण जैसे मुद्दों को उठाया। इन सभी सामाजिक पहलुओं को हास्य शैली में स्पर्श करते कुछ गंभीर प्रश्नों को जनता के समक्ष रखा। प्रतियोगिता में किन्नरों की समस्या, समाज में उनका स्थान और उनकी भावनाओं को व्यक्त कर एमएच कालेज गाजियाबाद के विद्यार्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय महाविद्यालय नोएडा की टीम द्वितीय और एसबीडी जैन कालेज आगरा की टीम तृतीय रही। निर्णायक मंडल में गिन्नी देवी मोदी कन्या महाविद्यालय मोदीनगर की पूर्व प्राचार्या डा. मंजू गोयल और एनएएस कालेज मेरठ की एसोसिएट प्रो. कविश्री जायसवाल रहीं। छात्र कल्याण परिषद की अध्यक्ष डा. रेनू जैन, डा. कंचन पुरी, डा. सुनीता व डा. निशा गोयल भी मौजूद रहीं।



आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करतीं छात्राएं। अमर उजाला

# रे होलियां में उड़े रे गुलाल, कहियो रे मंगेतर से...

## आरजी पीजी कॉलेज में युवा महोत्सव 'अभिव्यक्ति' में झूमीं छात्राएं, सामूहिक नृत्य में आरजी कॉलेज विजेता

संवाद न्यूज एजेंसी





आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राओं का उत्साह बढ़ातीं अन्य छात्राएं। अमर उजाला

मेरठ। रे होलियां में उड़े रे गुलाल, कहियो रे मंगेतर से..., मेरा खो गया बाजूबंद रसिया होली में..., होली आई रे होली आई रे जैसे गीतों पर आरजी कॉलेज में छात्राएं जमकर झूमीं। मौका था युवा महोत्सव अभिव्यक्ति कार्यक्रम का। शनिवार को सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद [illegible] निवेदिता कुमारी ने किया। सांस्कृतिक समिति तथा राष्ट्रीय पर्व समिति की संयोजक डॉ. रीतू जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

डॉ. सुमन लता शर्मा व डॉ. कल्पना चौधरी के संयोजन में लोक नृत्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 15 प्रस्तुतियां दी गईं। कनोहर लाल पीजी कॉलेज, शहजादराय पीजी कॉलेज मोदीपुरम, बड़ा इंस्टिट्यूट और टेक्नोलॉजी संस्थान, सिटी टेक्नो कॉलेज मोदीनगर, सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय, शहीद मंगल पांडे कॉलेज, इस्माईल पीजी कॉलेज तथा आरजी पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों की राजस्थानी, पंजाबी, गढ़वाली, घूमर, लावणी आदि की प्रस्तुतियां देख सभी का मन मोहा।

निर्णायक इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज की संगीत विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. रेखा सेठ व जेपी एकेडमी से ओजस्वी चौहान रहीं। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरजी पीजी कॉलेज की संगीत विभाग की छात्राएं और सरदार वल्लभभाई पटेल विवि ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आरजी पीजी कॉलेज की विज्ञान विभाग की छात्राएं और एनएएस पीजी कॉलेज दादरी रहा। तृतीय स्थान पर कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज और आरजी पीजी कॉलेज के छात्रावास ने प्राप्त किया।

सांत्वना पुरस्कार आरजी पीजी कॉलेज की रैंजर्स टीम, बड़ा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा आरजी पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. सुनीता, डॉ. मोनिका, डॉ. किरण शर्मा, डॉ. प्रवीण, डॉ. नेहा राठौर, डॉ. लोकेश पांडे, हेमंत शुक्ला, सुमन वर्मा, कविता, अमिता, मोनिका, शालिनी, शालिनी भारती, विजय सिंह मौजूद रहीं।

DAINIK JAGRAN- 27-2-2023 Pg No.4

# पांच छात्राओं से शुरू हुआ विद्यालय बना महाविद्यालय

**स्थापना दिवस पर विशेष**

- वर्ष-1929 में अंग्रेजी शासनकाल में शुरू हुआ था रघुनाथ गर्ल्स कालेज
- 75 का सफर स्वर्णिम रहा, छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में किया नाम रोशन



पश्चिमी कचहरी मार्ग स्थित आरजी पीजी कालेज का भवन● जागरण

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : क्रांति शहर मेरठ ही नहीं पश्चिमी यूपी की लाखों छात्राओं की पहली पसंद व शहर के प्रतिष्ठित आरजी पीजी कालेज का सफर स्वर्णिम रहा है। कालेज सोमवार को अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इन 75 सालों के सफर में शिक्षा रूपी यह पौधा आज वटवृक्ष बन गया है। यहां से लाखों छात्राएं शिक्षा प्राप्त करके विभिन्न क्षेत्रों में कालेज का नाम रोशन कर रही हैं।

**अंग्रेजी शासन में शुरू हुआ था विद्यालय** : आरजी (रघुनाथ गर्ल्स) की शुरूआत एक विद्यालय के रूप में अंग्रेजी शासनकाल में 27 फरवरी 1929 में मात्र पांच छात्राओं से शुरू हुई थी। यह विद्यालय नित नई ऊंचाइयों को छूता रहा। वर्ष-1948 में यहां स्नातक की कक्षाएं शुरू हुई। वर्ष-1965 में पीजी की कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया। वर्तमान में कालेज में 25 स्नातक कोर्स एवं 17 पीजी कोर्स का संचालन किया जा रहा है। जिनमें पांच हजार छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

कालेज की पूर्व प्राचार्य डा. सीमा जैन का कहना है कि उनके कार्यकाल में कालेंज को नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड मिला। साथ ही वनस्पति विज्ञान व गृह विज्ञान जैसे विषयों में शोध कार्य शुरू हुआ। कालेज आफ एक्सीलेंस मिला। कई बड़े प्रोजेक्ट भी मिले।

**चार प्राचार्य भी बनीं** : वर्ष 2021 में कालेज की शिक्षिकाओं में से प्रदेश के चार महाविद्यालयों को प्राचार्य दिए गए हैं। इनमें प्रो.वंदना अग्रवाल, श्रीमती बीडी जैन गर्ल्स पीजी कालेज आगरा कैंट, प्रो. अनीता राठी, इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज बुढ़ाना गेट मेरठ, प्रो. बीना राय, अवध गर्ल्स डिग्री कालेज लखनऊ व प्रो. सुमन एसएन सेन बीवी पीजी कालेज कानपुर शामिल हैं।

### कालेज इतिहास जानेंगी सम्मान भी पाएंगी छात्राएं



प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक का कहना है कि वर्तमान में 25 कोर्स चल रहे है। आरजी पीजी कालेज एक मात्र ऐसा कालेज है, जिसमे चार बार नैक का मूल्यांकन हो चुका है। सोमवार को कालेज के 75 वें स्थापना दिवस पर छात्राओं को डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से कालेज का इतिहास बताया जाएगा। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 27 छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### छात्राओं ने बढ़ाया गौरव

कालेज की पुरातन छात्राओं ने हर क्षेत्र मे मेरठ व कालेज का गौरव बढ़ाया। इनमें डा. नीरजा गुप्ता मध्य प्रदेश के सांची मे कुलपति है प्रो. सुषमा मलैया राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य व वर्तमान मे ओजस्वनी विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश मे कुलपति है। सेवानिवृत्त आइएएस सोमी टंडन व अलका अग्रवाल भी कालेज की पुरातन छात्राएं है। कालेज की पुरातन छात्रा व इतिहास विभागाध्यक्ष डा. रीनू जैन का कहना है कि जी-20 की यूपी की ब्राड एंबेस्डर तूलिका रानी भी कालेज की पुरातन छात्राएं है। इनके अलावा भी खेल, सेना, पुलिस व न्यायिक क्षेत्र समेत अन्य कई क्षेत्रों मे आरजी की छात्राओं ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## DAINIK iNEXT- 28-2-2023 Pg No.5

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




आरजी कॉलेज में स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान छात्राओं ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों की खूब तालियां बटोरी.

## DAINIK JANVANI- 28-2-2023




आरजी कॉलेज में स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। संबंधित खबर देखें पेज चार पर

■ फोटो : जनवाणी

DAINIK JAGRAN- 28-2-2023 Pg No.6

## आरजी पीजी कालेज का 75वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

# मनोहारी प्रस्तुति से जीवंत हो उठा इतिहास



आरजी पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुईं छात्राएं •जागरण

### 27 छात्राएं सम्मानित

आल राउंडर आफ ईयर फिरोजा, खेल बैडमिंटन में खुशी पंत, शुभांगी अरोड़ा बीकाम टापर आफ यूनिवर्सिटी, दीपा गुप्ता गोल्ड मेडल, अनुष्का चपराना को कुसुम अग्रवाल शारदा देवी गोल्ड मेडल एमएससी वनस्पति विज्ञान टापर सहित 27 छात्राओं को सर्वाधिक अंक आने को पारितोषिक दिया गया।

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजीपीजी कालेज के 75 वें स्थापना दिवस पर सोमवार को छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही नाटिका के माध्यम से कालेज इतिहास की मनोहारी झांकी दिखाई। सोमवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कालेज में हीरक जयंती मनाई गई। कालेज का इतिहास डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से छात्राओं ने देखा। छात्राओं ने नाटिका के माध्यम से कालेज इतिहास की झांकी भी दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंध समिति सचिव पुनीत नाथ सेठ, डा. राहुल मित्तल, राजीव सिंघल, डा. मधु मित्तल, डा. डीपी गुप्ता, महेश चंद्र जैन, अंजुला माधव, पवन भार्गव ने किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी और कार्यकारिणी सदस्यों ने मनमोहन नाथ सेठ की स्मृति में स्मारिका का विमोचन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।


आरजी पीजी कालेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं •जागरण


आरजी पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया •जागरण

### राम बने द्वारकाधीश

कवि सम्मेलन का शुभारंभ डा. शुभम त्यागी ने सरस्वती वंदना से किया। कवि कमल आग्नेय ने सती पद्मावती समान हो गई हूं मैं... प्रस्तुत कर वीर नारी के मनोभावों को अभिव्यक्त किया। कवि प्रवीण राही ने उनकी नजरें सीसीटीवी जैसी है, मेरी क्या सब की बीवी ऐसी है, सुनाकर गुदगुदाया। डा. सौरभकांत शर्मा ने अपना प्रसिद्ध रामगीत राम बने द्वारकाधीश सुनाई।

**30 हजार चांदी के सिक्कों से की थी स्थापना:** सेठ रघुनाथ जी की धर्मपत्नी कृपा देवी ने उनके देहांत के बाद 30 हजार चांदी के सिक्के देकर आरजी पीजी कालेज की स्थापना 75 साल पहले की। यही, कालेज की नींव देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने रखी।

AMAR UJALA- 3-3-2023 Pg No.6

# फेयरवेल पार्टी में झूमीं छात्राएं

मेरठ। आरजी कॉलेज के फूड साइंस विभाग में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांस्कृतिक समिति के समन्वयक डॉ. रीनू जैन रहीं। फेयरवेल पार्टी में छात्राएं फिल्मी गीतों पर खूब थिरकीं। छात्राओं ने सुंदर परिधानों में सेल्फी ली। फैशन शो की प्रस्तुत ने सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सोबिया मिस फेयरवेल और अनिका परफॉर्मर ऑफ द डे चुनी गईं। संयोजक डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी ने अतिथियों का धन्यवाद किया। डॉ. अपर्णा वत्स, डॉ. कल्पना चौधरी, मनीषा सिंघल, डॉ. संगीता भाटिया, डॉ. रेणु चौधरी, डॉ. शीतल पांडे, मेहरूख इफ्फत, नीरू बत्रा मौजूद रहीं। संवाद



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। संवाद

AMAR UJALA- 5-3-2023 Pg No.5

my city मेरठ • सिटी
मेरठ रविवार • 05.03.2023
amarujala.com/meerut




# अरे जा रे नटखट ना छू रे मेरा घूंघट...

## आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को आयोजित हुआ पुरातन छात्र



आरजी डिग्री कॉलेज में पुरातन छात्र कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देतीं छात्रा तथा डांस करतीं पुरातन छात्राएं व शिक्षकाएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। होलिया में उड़े रे गुलाल कहियो रे मंगेतर से... अरे जा रे हट नटखट ना छू रे मेरा घूंघट आदि जैसे गानों पर शनिवार को पुरातन छात्र खूब थिरकते नजर आए। मौका था आरजी पीजी कॉलेज में पुरातन छात्र सम्मान समारोह का। जिसमें पुरातन छात्राओं (रघुनंदनियों) ने कॉलेज की पुरानी यादें ताजा कर सभी के साथ अपना अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व स्वागत गीत से किया। पुरातन छात्रों ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुत दी। मुख्य अतिथि पुरातन छात्रा व पुरातन अंग्रेजी शिक्षिका डॉ. बोनानी मिश्रा रहीं। मेरठ ऑफ ऑनर सुप्रिया सोंधी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि डिग्री कॉलेज 75 वें वर्ष में चल रहा है और इंटर कॉलेज को शीघ्र ही सौ साल पूरे करने जा रहा है। इन यादों को भूलना संभव नहीं है। पुरातन छात्र समिति की सचिव डॉ. कुमकुम पारीक ने सभी रघुनंदिनियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में 1963-2019 के बैच की छात्राएं शामिल हुईं।

इस अवसर पर पांच 1963- 1968 बैच की कामना, 1965-1975 बैच अलका जैन, 1966-1972 बैच की शोभा जैन, 1966-1973 बैच की शैलजा और 1968-1976 बैच की मंजुला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्राचार्या डॉ. रेनू जैन रहीं। संचालन पुरातन छात्रा अंजू अग्रवाल ने किया। डॉ. नीना बत्रा, कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. पूजा रस्तोगिया, आशा शुक्ला, डॉ. शैल शर्मा, डॉ. अमृत अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।



*सम्मेलन में आकर अच्छा लगा। कई साल बाद सहेलियों से मिली तो पुरानी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने छठी से आरजी इंटर कॉलेज में पढ़ाई की, इसके बाद की पढ़ाई भी आरजी पीजी कॉलेज से की।* **-शारदा शर्मा, पुरातन छात्रा, 1970 बैच**



*50 साल बाद कॉलेज आई तो काफी भावुक हो गई। उन्होंने बताया कि सहपाठियों को देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोस्तों के साथ खूब फोटोज ली।* **- मंजुला शर्मा, पुरातन छात्रा, 1976 बैच**



*कॉलेज से पढ़ाई पूरी होने के बाद 2010 के बाद अब आई हूं। काफी अच्छा लग रहा है। कॉलेज में पहले के मुकाबले काफी बदलाव दिखा। जो भी दोस्त मिलीं उनके साथ काफी मजे किए।* **- शैलजा दत्त, पुरातन छात्रा, 1973 बैच**

## छात्रों को किया सम्मानित



ट्रांसलेम कॉलेज में आयोजित एलुमनाई मीट में शामिल अतिथि। अमर उजाला



गंगानगर। मवाना रोड स्थित ट्रांसलेम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को एलुमिनाई मीट कनेक्ट 2023 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एलएलबी, बीफार्मा, एमबीए, बीसीए आदि कोर्सों के पुरातन छात्र शामिल हुए। शुभारंभ संस्था के चेयरमैन मोहित कुमार जैन एवं महानिदेशक डॉ. शमीम अहमद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महानिदेशक डॉ. शमीम अहमद ने पुरातन छात्रों के साथ स्टेज पर गाना गाया तो परिसर तालियों से गूंज उठा, कुछ छात्रों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। सभी छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. केपी सिंह, डॉ. नसिम, डॉ. कामिनी, मुजाहिद, सुमन, शैली, हुमा, सलमान, प्रदीप, प्रतीक, जैनेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी कमलकांत मिश्रा व अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद

# DAINIK JAGRAN- 13-3-2023 Pg No.7

पेज से संबंधित अपनी राय,
सुझाव और प्रतिक्रिया
yuvameerut@mrt.jagran.com
पर भेज सकते हैं।

7
दैनिक जागरण
मेरठ, 13 मार्च, 2023

## विविध



राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में शामिल छात्राएं • सौ. महाविद्यालय

## स्वयंसेविकाओं ने मंदिर में किया श्रमदान

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर की शुरुआत रविवार को आंबेडकर भवन कुटी गांव क्षेत्र में हुई। शिविर का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि नरेंद्र राष्ट्रवादी ने किया। स्वयंसेविकाओं ने गणेश और सरस्वती वंदना की। दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गांव में स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण की सफाई कर श्रमदान किया। छात्राओं को 10-10 के समूह में विभाजित किया गया।

# AMAR UJALA- 15-3-2023

## न्यूज डायरी

# हेल्थ कैंप में छात्राओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

**मेरठ।** रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि अशोक अग्रवाल, मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय इतिहास विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. विघ्नेश त्यागी, कुटी पार्षद नरेंद्र राष्ट्रवादी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप कपूर व नीरज शर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में विश्व गुरु भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका विषय पर छात्राओं को व्याख्यान दिया। शिविर के दूसरे सत्र में कुटी हेल्थ कैंप में छात्राओं ने अपना स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कराया। संवाद

DAINIK JAGRAN- 15-3-2023 Pg No.7

# नदियों की सुरक्षा को दिया कार्ययोजना बनाने का संदेश

**मेरठ** : आरजीपीजी कालेज में मंगलवार को भूगोल विभाग में नदियों पर अंतरराष्ट्रीय कार्यवाही दिवस के मौके पर एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूगोल विभागाध्यक्ष डा. दीप शिखा शर्मा ने किया। असिस्टेंट प्रोफेसर वर्मा शैल वर्मा ने नदियों के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक किया। बताया कि भविष्य में क्या-क्या परेशानी हो सकती है। साथ ही उनका समाधान खोजने और नदियों की सुरक्षा के लिए कार्य करने की योजना बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर रिवर नेवर गो रिवर्स पर एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में साहिबा मेवाती, प्रतिमा सिंह, कोमल व निवेदिता समेत अन्य छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए।

# DAINIK JAGRAN-18.3.2023PAGENO.3




**समय प्रबंधन का ध्यान रखें छात्राएं** : आरजी पीजी कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित शिविर मे शुक्रवार को स्वय सेविकाओ को शिक्षा नीति की जानकारी दी गई। मेरठ कालेज वनस्पति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. हरजिंदर सिंह ने की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय मे छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि छात्र जीवन मे समय प्रबंधन का विशेष महत्व है। इसलिए छात्रों को प्रारंभ से ही समय प्रबंधन का ध्यान रखना चाहिए • सौ. कालेज

AMAR UJALA- 19-3-2023 Pg No.6

# झलकारी बाई ग्रुप ने लगाया सबसे सुंदर टेंट



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कैंप में शामिल छात्राएं। संवाद

**मेरठ।** रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पांच स्काउट गाइड शिविर संपन्न हुए। मुख्य अतिथि इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीनू जैन रहीं। शिविर में सिखाए गए कौशल गुणों का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने टेंट लगाए। जिसमें प्रथम स्थान झलकारी बाई ग्रुप, द्वितीय स्थान नीरजा ग्रुप व कैप्टन अभिलाषा ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फूड प्लाजा में कैप्टन अभिलाषा ग्रुप प्रथम, लक्ष्मी सहगल ग्रुप द्वितीय व मदर टेरेसा ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। सावित्रीबाई फुले ग्रुप, कल्पना चावला ग्रुप व रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कैंप फायर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सावित्रीबाई फुले ग्रुप, द्वितीय स्थान कैप्टन अभिलाषा व तृतीय स्थान नीरजा ग्रुप ने प्राप्त किया। निर्णायक बीएड विभाग डॉ. शुभम त्यागी व डॉ. शिवानी त्यागी ने किया। संवाद

HINDUSTAN-21.3.2023PAGENO.5

# गौरैया दिवस : संरक्षण के साथ पेड़-पौधों को भी बढ़ाना होगा

मेरठ। ग्रीन प्लेनेट वेलफेयर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमाकांत राय ने कहा कि 30 वर्षों में गौरैया की संख्या 60 प्रतिशत तक कम हो गई है। कहा कि गौरैया के लिए लकड़ी के बने घोंसले लगाने के साथ-साथ पीपल, बरगद, गूलर, फल-फूल के वृक्षों को बढ़ाना होगा। कहा कि जैव विविधता पर आरी चल रही है।



आरजी कॉलेज में सोमवार को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया।



बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में गौरैया के संरक्षण का संदेश दिया गया।



एनएएस डिग्री कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस पर कार्यक्रम हुए।



शहीद मंगल पांडे कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस पर कार्यक्रम हुए।

## लोगों को शपथ दिलाई

मेरठ। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर डीएफओ राजेश कुमार के निर्देशन में वन विभाग की ओर से जिलेभर के प्रत्येक रेंज में गोष्ठियां और जागरूकता कार्यक्रम किए गए। वन दारोगा बिशंबर सिंह, जेआरएफ युधिष्ठिर दास, वन रक्षक रीना, संगीता, आरके चौधरी ने गौरैया को लेकर लोगों को जागरूक किया।

## पांच विजेता घोषित

मेरठ। एनवायरमेंट क्लब ने ऑनलाइन प्रतियोगिता गौरैया और मैं के पांच विजेताओं की सोमवार को घोषणा की। क्लब संस्थापक सत्यम कन्नौजिया ने बताया कि पांच विजेताओं में डॉ. नरेंद्र [illegible] राजस्थान, आकांक्षा तोमर, ज्ञानेंद्र सिंह, दीक्षा चतुर्वेदी, विनीता सैनी व [illegible] हैं।

## विश्व गौरैया दिवस मनाया

मेरठ। आरजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा [illegible] विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। [illegible] की छात्राओं ने [illegible] की प्रदर्शनी लगाई। [illegible]

# DAINIK JAGRAN-22.3.2023



आरजीपीजी कालेज, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग व वसुधा इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व वन दिवस के अवसर पर पौधारोपपा ड्राइव का शपथ एवं संकल्प के साथ शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग के प्रो. अनुज कुमार, डा. योगेंद्र गुप्ता, डा. कविता शर्मा, डा. विवेक नौटियाल, डा. दीप शिखा शर्मा • सौ. कालेज

DAINIK JANVANI- 25-3-2023 Pg No.

# छात्राओं ने किया रेशम विभाग का भ्रमण




मेरठ: रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की परास्नातक छात्राओं तथा शिक्षिकाओं ने शुक्रवार को रेशम फार्म कंकरखेड़ा का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां उन्होंने रेशम के कीड़े के जीवन चक्र का अध्ययन किया और शहतूत की खेती के बारे में जाना। फार्म हाउस के असिस्टेंट डायरेक्टर रेशम उद्योग उत्तर प्रदेश जीपी अनुरागी ने रेशम के कीड़ों से कच्चा रेशम कैसे बनाया जाता है को विस्तार से सभी छात्राओं को समझाया। छात्राओं ने रेशम कीट की सभी अवस्थाओं को देखा और जाना। इस शैक्षणिक भ्रमण में रेशम फार्म के फार्म प्रभारी भूपेंद्र चौहान ने सभी तकनीकी जानकारियां दी उन्होंने बताया की शहतूत की कटिंग दिसंबर, जनवरी में लगाई जाती है। तीन साल का पेड़ तैयार होने पर इसकी पत्ति का प्रयोग कूकून पालन के लिए किया जाता है। कविता,कमलेश आदि कृषक कूकून का कार्य करते हुए पाए गए उन्होंने बताया कि रेशम कीट पालन केवल 25 से 30 दिनों के भीतर साधारणतया पूर्ण हो जाता है। साथ ही छात्राओं ने रेशम की विभिन्न प्रकारों को जाना। विभाग से डॉ. सीमा जैन, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. मंजू सिंह, प्रियंका, डॉ. संगीता बजाज एवं एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की 14 छात्राएं तथा चतुर्थ सेमेस्टर की 16 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

DAINIK JAGRAN- 26-03-2023 PG.NO-11

# टेबलेट पाकर आत्मनिर्भर बनें छात्राएं

जागरण संवाददाता, मेरठः टेबलेट के माध्यम से छात्राओं को पढ़ाई करने के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार के लिए उत्कृष्ट सामग्री प्रदान होती है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उक्त विचार कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने शनिवार को आरजी पीजी कालेज में आयोजित मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा शुरू की गई टेबलेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहे। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा और रोजगार की सभी जानकारी मोबाइल फोन और टेबलेट के माध्यम से युवाओं के हाथ में हैं। इसका प्रयोग कर छात्र अपनी वर्तमान और भविष्य दोनों संवार सकते हैं।



आरजी पीजी कालेज में छात्राओं को टेबलेट वितरण करते कैंट विधायक • जागरण

विशिष्ट अतिथि सदर एसडीएम ओजस्वी राज ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को सशक्त बनाना चाहती है। युवाओं को केवल एक क्लिक पर रोजगार योजनाओं की सभी जानकारी प्राप्त हो जाती है। छात्राओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई टेबलेट वितरण योजना के तहत कालेज की 405 परास्नातक छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। पवन भार्गव, प्राचार्य डा. रीनू जैन डा. कुमकुम पारीख, डा. नीलम, डा. कल्पना चौधरी, निर्लेप कौर, डा. रजनी श्रीवास्तव और डा. नाजिमा भी उपस्थित रही।

DAINIK iNEXT- 11-04-2023




आरजी पीजी कालेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला के बाद छात्राओं द्वारा सोमवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी लगाई गई. कार्यशाला में छात्राओं ने पाट मेकिंग, फ्लावर मेकिंग, पेपर मैशअप, कैंडल मेकिंग, पेपर क्राफ्ट, रंगोली मेकिंग, पेपर बैग और वेस्ट मटेरियल से बनी वस्तुएं कलश सज्जा बंधनवार बनाना सीखा.

AMAR UJALA- 12-04-2023 PG.NO-5

# नुक्कड़ नाटक से बताए मोटे अनाज के फायदे



आरजी पीजी कॉलेज में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। संवाद

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में डीजीएनसीसी एवं 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल महेश कुमार चौहान के संरक्षण में मोटे अनाज पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसकी थीम 'श्री अन्न जो खाएगा, शरीर स्वस्थ बनाएगा' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. पारुल ने किया। कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खाद्य सुरक्षा और पोषण में मोटे अनाज का योगदान व मोटे अनाज से होने वाले फायदे बताए। डॉ. पारुल ने कहा कि मोटे अनाज से हड्डियां मजबूत होती हैं। कैल्शियम की पूर्ति करने, पाचन क्रिया दुरुस्त करने, वजन नियंत्रित करने, रक्त की कमी की समस्या से निजात दिलाता है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, जौ आदि का अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संयोजन एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी, सीटीओ स्वाती मिश्रा एवं ओएनओ प्रियंका ने किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल, आईक्यूएसी इंचार्ज नीना बत्रा, पूजा सरोज मौजूद रहीं। संवाद

DAINIK JAGRAN- 14-04-2023 PG.NO-4

**कविता** झारखंडी शिव मंदिर सभा कक्ष में हुआ कवयित्री सम्मेलन

# राम के जैसा धीरज दे दो सिया सा दो गुणशील

**MAWANA (13 April, JNN):** नारी शक्ति को समर्पित पटल काव्य ब्रह्मास्त्र व विहिप-बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को झारखंडी शिव मंदिर सभा कक्ष में चतुर्थ शक्ति उपासना समारोह व धार्मिक कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवियत्रियों ने देश भक्ति व नारी शक्ति पर आधारित रचनाएं सुनाकर दर्शकों की वाह-वाही लूटी. काव्य ब्रह्मास्त्र पटल के संस्थापक कुमार मुनीश अक्स के संयोजन व संरक्षिका डा. शुभम त्यागी व महामंत्री कोमल रस्तौगी संयुक्त संचालन में आयोजित कवयित्री सम्मेलन की शुरूआत डा. शुभम त्यागी की इरचना से हुई. इन्होंने पढ़ा कि लगा कर ताज को ठोकर जो सूली पर चढ़े हंस कर, हमारे नौजवानों की जवानी हो, तो ऐसी हो. सुप्रसिद्ध ओज कवयित्री कुमारी पाविनी ने रचना पढ़ते हुए पढ़ा, जड़ चेतन चर अचर अजर जर, क्षर अक्षर का ज्ञान नहीं, उस कविता को नहीं बांचते,जिसमे हिन्दुस्तान नहीं.. रामकुमारी ने ये पंक्तियां पढ़ी- राम के जैसा धीरज दे दो, सिया सा दो गुणशील, प्रभु जी मैं तर जाऊं,नाम मैं भी कर जाऊं.

PIC JNN



झारखंडी शिव मंदिर में आयोजित कवयित्री सम्मेलन रचना प्रस्तुत करती कवयित्री.

## ये लोग रहे मौजूद

कोमल रस्तौगी ने नारी शक्ति पर यह रचना पढ़ते हुए कहा कि-शक्ति स्वरूपा स्वयं प्रभा में, नारी मेरा नाम है...मेरी गौरव गाथा अक्षुत अविरल और अविराम है. काव्य ब्रह्मास्त्र पटल की अध्यक्षा दीपा गुप्ता ने पढ़ा- मन में बसते राम,तन में बसते राम व इस जीवन के हर इक क्षण में बसते राम. कार्यक्रम में मुक्ता शर्मा, राजरानी, रजनी श्रीवास्तव, कविता कुसुमकार ने रचनाएं पढ़ी. अध्यक्षता एलडी कालेज की प्राचार्या डा. शक्ति साहनी ने की. मुख्य अतिथि दुर्गा वाहिनी मेरठ की संयोजिका रंजना वर्मा व विशिष्ठ अतिथि कुमारी बीके मीरा संचालिका ब्रह्माकुमारीज रहीं. विहिप जिला अध्यक्ष अमर रस्तौगी, नगर अध्यक्ष अमित बाल्ले, हरविंदर छाबड़ा, अमित ढाका, अमित कसाना, डा. अजयवीर गर्ग, रवि मलिक, संजय मेहता, दीपक गुप्ता, प्रभात आदि मौजूद रहे.

AMAR UJALA- 14-04-2023 PG.NO-5

# आरजी कॉलेज की प्रो. डॉ. शुभम सम्मानित



आरजी कॉलेज की प्रो. डॉ. शुभम को सम्मानित करते अतिथि। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की एसोसिएट प्रो. डॉ. शुभम त्यागी को उत्तराखंड में आयोजित सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार रहे। प्रो. डॉ. शुभम त्यागी ने कार्यक्रम का संचालन के साथ कविता पाठ किया। लोक प्रहरी सामाजिक संस्था अध्यक्ष डॉ. अशोक नागर, डॉ. रामगोपाल भारतीय, डॉ. ईश्वर चंद गंभीर, चंद्रशेखर मयूर, कविता कुसुमाकर, कोमल रस्तोगी मौजूद रहे। संवाद

AMAR UJALA- 16-04-2023

## न्यूज कैप्सूल

# योग करने से शुद्ध होता है तन और मन



आरजी डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला में मौजूद शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। आरजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसका विषय 'सार्वभौमिक मानव मूल्य और नैतिकता' रहा। प्रथम दिन मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील मंजू रहीं। उन्होंने विपश्यना योग पर कहा कि हमारे मन के दो मुख्य भाग होते हैं एक चेतन और दूसरा अचेतन। चेतन वो भाग जो समाज हमसे चाहता है और अचेतन वो जो हम वास्तविक हैं। ये ही हमारा मन विकारों को उत्पन्न करता है। विपश्यना में इसी मन के शांत रूप को देखने की कोशिश की जाती है। संवाद

DAINIK INEXT- 18-04-2023

# कठिन समय में धैर्य बनाए रखें

आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को ऑनलाइन आभार विषय पर चर्चा हुई. मुख्य वक्ता प्रीतिका बंसल ने सकारात्मक संवेग हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बहुत प्रभावित करता है, हम सभी लगातार चिंता तनाव से ग्रस्त होते जा रहे हैं. इसके लिए जरूरी है कि हम मानसिक रूप से सकारात्मक संवेग को अनुभव करें. इसका सबसे अच्छा तरीका है आभार प्रकट करना. छात्राओं ने जाना कि किस प्रकार हम कठिन समय में धैर्य रखें. प्रश्न का उत्तर देते हुए रितिका बंसल ने कहा कि ऐसे कई तरीके हैं जिनसे हम आभार को अपने जीवन मे बनाए रख सकते हैं, जैसे रोजाना डायरी में उन सभी लोगों के बातों को लिखे जिनका आप धन्यवाद करना चाहते हैं. संचालन डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. अनुराधा और डॉ. प्रियंका यादव भी उपस्थित रही.

DAINIK JAGRAN- 19-04-2023 PG.NO-5



आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में फिल्म क्लब के तहत विश्व विरासत दिवस पर एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। क्लब इंचार्ज डा. कल्पना चौधरी ने डाक्यूमेंट्री के माध्यम से विश्व की सभी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्मारकों और संस्कृतियों के संरक्षण के महत्व का संदेश दिया • जागरण



आरजी पीजी कालेज में इतिहास विभाग की ओर से विश्व विरासत दिवस पर मंगलवार को छात्राओं को जागरूक किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं को बताया कि संस्कृति के माध्यम से हम अपनी विरासत को बचा सकते हैं। हमें अपनी संस्कृति को संरक्षण देना है, क्योंकि यही हमारे देश की पहचान है। डा. अपर्णा वत्स ने प्राचीन विरासत आबू का मकबरा, औघड़नाथ मंदिर, शहीद स्मारक, घंटाघर, सूरजकुंड, सती मंदिर व गांधी बाग आदि के निर्माण से सुरक्षित रखने तक की जानकारी दी • जागरण

DAINIK iNEXT- 20-04-2023 PG.NO-4

# जीवन का आधार है भगवतगीता

आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में बुधवार को भगवतगीता मानवीय मूल्यों का एक दैवीय स्रोत विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता इस्माईल पीजी कालेज प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने भगवतगीता मानवीय मूल्यों का एक दैवीय स्रोत विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवतगीता हमारे जीवन के हर पहलू पर अपना प्रभाव डालती है. इसमे जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है. भगवतगीता को जीवन मे उतारने से हम जीवन की सभी समस्याओं को सुलझा सकते है. इसके माध्यम से व्यक्ति अपने व्यक्तित्व मे सकारात्मकता ऊर्जा को बढ़ा कर अपने जीवन मे नित नए बदलाव ला सकता है. इसलिए हम सभी को भगवतगीता को पढना चाहिए. बीवाक विभाग की डा. आयुषी गुप्ता ने अनादिशक्ति और निष्काम कर्म पर अपने विचार व्यक्त किए. उनके कहा कि हमें अपने कर्म को भगवान को समर्पित करना चाहिए. हमें आत्मा की शुद्धि के लिए कार्य करना चाहिए. संचालन डा. कुमकुम पारीख ने किया. डा. नीलम सिंह, डा. प्रियंका यादव और डा. सुनीता सिंह भी उपस्थित रही.

DAINIK JAGRAN- 21-04-2023 PG.NO-11

## संस्कार खो रहे हैं बच्चे

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में सात दिवसीय कार्यशाला के छठे दिन गुरुवार को आनलाइन चर्चा हुई। मुख्य वक्ता महिला और बाल सुधार समिति की सदस्य पूनम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में एक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है, क्योंकि लोग ज्यादा पढ लिख कर भी नैतिक मूल्यों को नहीं मानते। पुराने समय में एक दूसरे की देखभाल करना, सहायता करना जैसे संस्कार अब धीरे-धीरे खो रहे हैं। बच्चों की विवेक और चेतना लगातार गलत रास्ते पर जा रही है। इसका मुख्य कारण संयुक्त परिवारों की कमी है। कहा की आज 90 प्रतिशत बच्चे मानसिक तनाव और रोगों से ग्रस्त हैं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने भी बच्चों के चरित्र निर्माण पर बहुत जोर दिया। संचालन डा. सुनीता सिंह ने किया। -जासं

D

शिक्ष
डेवलप
अंतर्गत
लिया।

AMAR UJALA- 24-04-2023 PG.NO5

# आरजी में ऑनलाइन कार्यक्रम आज से

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज व महात्मा हंसराज फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार से होगा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा संचालित पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन ऑन टीचर्स एंड टीचिंग स्कीम के अंतर्गत संचालित होगा। इसमें 16 प्रदेशों से 120 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम का विषय 'ब्लेंडिंग लर्निंग डेवलपमेंट ऑफ मूक्स एंड ई कंटेंट' है। संवाद

AMAR UJALA- 26-04-2023 PG.NO-5

# रक्तदान शिविर में 58 लोगों ने किया रक्तदान




**आरजी डिग्री कॉलेज में आयोजित शिविर में रक्तदान करती महिला।** संवाद

**मेरठ।** शुभम रस्तोगी मेमोरियल सोसायटी फॉर नीडी के तत्वावधान में मंगलवार को 25वें रक्तदान शिविर का आयोजन रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में किया गया। इसमें 58 लोगों ने रक्तदान किया। इसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता कुमारी ने किया। इस दौरान सोसायटी की अध्यक्ष डॉ पल्लवी रस्तोगी, डॉ अंजुला राजवंशी, डॉ अनुराधा, डॉ गीतिका, सुशील रस्तोगी, प्राची अग्रवाल, डॉ सुनीता, संयोगिता, डॉ किरण, ज्योति, सुनील रस्तोगी और देवयानी रस्तोगी आदि रहे। संवाद

# AMAR UJALA- 27-04-2023

## आरजी कॉलेज में ई-कंटेंट की जानकारी दी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम के तीसरे दिन महात्मा हंसराज फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के सहयोग से आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। प्रथम सत्र में जामिया मिलिया इस्लामिया से प्रो. मनसफ आलम ने 'मल्टी मीडिया एनरीचमेंट ऑफ ई कंटेंट डेवलपमेंट यूजिंग क्लाउड बेस्ड टूल्स' विषय पर व्याख्यान दिया। संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. गरिमा मलिक ने किया। दूसरे सत्र में जामिया मिलिया इस्लामिया डॉ. कृष्णा शंकर कुसुमा ने ओपन सोर्स ऑडियो विजुअल टूल्स फॉर ई कंटेंट डेवलपमेंट विषय के बारे में बताया। हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से विभिन्न टूल्स का प्रयोग सिखाया गया। संचालन राजनीति शस्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. बबिता माझी ने किया। प्रो. संयोगिता व प्रो. उपासना मौजूद रहीं। संवाद

AMAR UJALA- 28-04-2023 PG.NO-5

# बौद्धिक संपदा के अधिकार की जानकारी दी

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग व नवाचार सेल द्वारा ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय 'बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता' रहा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन (एनआईपीएएम) अधिकारी, पेटेंट व डिजाइन परीक्षक आलोक मिश्रा रहे। उन्होंने बौद्धिक संपदा का अधिकार, उससे कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है, इसकी आवश्यकता व अपने अविष्कार, लेख व अन्य बौद्धिक सामग्री को पेटेंट करने के बारे में बताया। संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल रस्तोगी ने किया। डॉ. सीमा जैन, डॉ. सोनिका चौधरी, डॉ. वत्सला ओबेरॉय, डॉ. रीमा मित्तल, डॉ. अंजलि गोयल, नेहा टंडन, रिया गर्ग व बिन्नी मौजूद रहीं। संवाद

# छात्राओं को वीडियो संपादन करना सिखाया

**मेरठ।** रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के चौथे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। खालसा कॉलेज दिल्ली विवि के प्रो. विमल रार ने ई कंटेंट डेवलपमेंट: फोर क्वाड्रेंट अप्रोच के बारे में बताया। महाराजा अग्रसेन कॉलेज की एसोसिएट प्रो. डॉ. अरुण जुल्का ने ई कंटेंट डिजाइनिंग के लिए वीडियो मेकिंग व एडिटिंग टूल्स जैसे कैनवा, क्लिपचैंप का प्रशिक्षण दिया। संचालन गरिमा मलिक व असिस्टेंट प्रो. संयोगिता कुमारी ने किया। असिस्टेंट प्रो. डॉ. बबिता माजी व असिस्टेंट प्रो. उपासना मौजूद रहीं। संवाद

AMAR UJALA- 29-04-2023 PG.NO-4

# ऑनलाइन पुस्तकालय की जानकारी दी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सात दिवसीय कार्यक्रम में शुक्रवार को व्याख्यान हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। कार्यशाला के पांचवें दिन प्रथम सत्र में गार्गी कॉलेज दिल्ली विवि से डॉ. बबिता गौड़ ने सभी ऑनलाइन पुस्तकालय संसाधन के बारे में बताया। दूसरे सत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से प्रो. आसिम जफर ने एमएसआरडीसी के तहत संचालित स्वयं पोर्टल की जानकारी दी। पहले सत्र का संचालन डॉ. बबिता माझी व दूसरे सत्र का संचालन डॉ. गरिमा मलिक ने किया। प्रो. संयोगिता, प्रो. उपासना मौजूद रहीं। संवाद

HINDUSTAN- 30-04-2023 PG.NO-4

# फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज व महात्मा हंसराज फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में साप्ताहिक ऑनलाइन फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन प्राचार्या प्रो निवेदिता कुमारी के निर्देशन में किया गया। प्रथम सत्र में डॉ राजेश सिंह, दिल्ली विवि से वक्ता के रूप में रहे। दूसरे सत्र में प्रोफेसर दिनेश शर्मा रहीं। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ नीना बत्रा ने सभी का आभार जताया।



आरजी कॉलेज में भ्रमण के लिए पहुंचे आर्मी स्कूल के छात्र। • हिन्दुस्तान

# आर्मी स्कूल के छात्रों ने किया भ्रमण

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में आर्मी स्कूल के छात्रों द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा संचालित प्लांट कंजरवेशन सोसाइटी व इतिहास विभाग द्वारा संचालित इतिहास संग्रहालय का भ्रमण किया। विजय [illegible] विजय भटट, मनोज, गीतू कृष्णा उज्जवला आदि रहे।

AMAR UJALA- 2-05-2023 PG.NO-6

# ई-कंटेंट डेवलपमेंट के बारे में बताया

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज व गुरु अंगद देव-टीचिंग लर्निंग सेंटर, एसजीटीबी खालसा कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के दूसरे दिन व्याख्यान आयोजित किया गया। यूजीसी के फार्म चेयरमैन प्रो. वेद प्रकाश उच्च शिक्षा के विकास और विकास में प्रशिक्षण विषय पर विचार रखें। इस दौरान डॉ. गरिमा मलिक आदि मौजूद रहीं। संवाद

AMAR UJALA- 3-05-2023 PG.NO-5

# ई-कंटेट के बारे में दी जानकारी

**मेरठ।** रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज, गुरु अंगद देव- टीचिंग लर्निंग सेंटर, एसजीटीबी खालसा कॉलेज व दिल्ली विवि के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के तीसरे दिन व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में महाराजा अग्रसेन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. अरुण जुल्का ने ग्राफिक्स एंड प्रजेंटेशन टूल्स फॉर ई- कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान व हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी। दूसरे सत्र में जीएडी-टीएलसी के ज्वाइंट डायरेक्टर प्रो. विमल राह ने फोर क्वाड्रंट फॉर्मेट ऑफ इ-कंटेंट एंड एमओओसी के विषय में बताया। संचालन असिस्टेंट प्रो. डॉ. गरिमा मलिक ने किया। संवाद

DAINIK iNEXT - 3-05-2023 PG.NO-3

# छात्राओं ने लॉफिंग थेरेपी को सीखा

PIC : JNN



## आरजी पीजी कालेज में किया गया आयोजन

**MEERUT (3 May, JNN):** आरजीपीजी कालेज में मंगलवार को मनोविज्ञान, एसीपी एवं योगिक साइंस विभाग की ओर से योग विभाग में विश्व लाफ्टर दिवस मनाया गया. इस दिवस पर आचार्य कमल एवं नीरज ने सभी छात्राओं को लाफ्टर थेरेपी करायी. आचार्य कमल एवं नीरज ने विभिन्न प्रकार की हास्य क्रियाओं के तहत पक्षी हंसी, झोंक हंसी व रावण हंसी आदि प्रकार की हंसी थेरेपी छात्राओं को करायी. छात्राओं को 10 तरह से हंसने की क्रिया करायी. जिससे सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहे. उन्होंने 10 प्रकार की तालियों का भी अभ्यास कराया. जिससे शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़े. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि विश्व में शांति भाईचारा एवं अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए यह दिवस मनाया जाता है.

## हंसने के फायदे बताए

मनोविज्ञान विभाग की ओर से डा. कुमकुम पारीक ने सभी का स्वागत किया एवं विश्व हास्य दिवस का शुभारंभ किया. योग विभाग की समन्वयक डा. भावना मित्तल ने बताया की हंसने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में लाभ होता है. इससे हमारे शरीर के विभिन्न अंग मजबूत होते हैं. उनमें एंडोर्फिन नामक हार्मोन पैदा होता है जो तनाव मुक्त होने में मदद करता है.एसीपी विभाग की समन्वयक डा. नीलम समीर ने बताया कि हंसने से मानसिक स्वास्थ्य में बहुत लाभ होता है. इस दौरान करीब 50 छात्राओं ने इस हास्य थेरेपी को सीखा. कालेज की शिक्षिका डा. सुनीता सिंह, डा. अनुराधा सिंह, डा. दीक्षा, डा. अंजलि गुप्ता, डा. प्रियंका यादव, प्रीति बंसल आदि थे.

DAINIK JANVANI 4.5.23 (9)

# लेखन प्रतियोगिता में संस्कृति प्रथम

**मेरठ:** आरजी पीजी कालेज के राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें वर्तमान परिदृश्य में भारत में प्रेस की स्वतंत्रता का महत्व विषय पर अंतर महाविद्यालय और अंतर विभागीय लेखन प्रतियोगिता में आरजी कालेज की संस्कृति प्रथम, एनएएस कालेज के शशांत कश्यप दूसरे और मेरठ कालेज की शिवानी चौधरी तृतीय रहीं।



आरजीपीजी कालेज में प्रमाण पत्र के साथ लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं • जागरण

# AMAR UJALA- 4-05-2023

## लेखन प्रतियोगिता में आरजी कॉलेज प्रथम



प्रमाणपत्र के साथ मौजूद छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अंतर महाविद्यालय और अंतर विभागीय लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय वर्तमान परिदृश्य में भारत में प्रेस की स्वतंत्रता का महत्व रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की आजादी जरूरी है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरजी कॉलेज की संस्कृति सौदाई, द्वितीय स्थान पर एनएएस कॉलेज के शोधार्थी शशांत कश्यप और तृतीय स्थान पर मेरठ कॉलेज की शिवानी चौधरी रहीं। संचालन ज्योति दूबे ने किया। संवाद

## भारत की शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के चौथे दिन व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। प्रथम सत्र में जीएडी-टीएलसी के ज्वाइंट डायरेक्टर प्रो. विमल राह ने मेथोडोलॉजी फॉर डेवलपमेंट ऑफ ई-कंटेंट विषय पर विचार रखे। दूसरे सत्र में एसजीटीबी खालसा कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. एके बख्शी ने 'भारत की शिक्षा प्रणाली में मूल्यांकन और मूल्यांकन सुधार समय की आवश्यकता' विषय पर विचार रखे। संचालन कोऑर्डिनेटर डॉ. गरिमा मलिक ने किया। संवाद

**DAINIK JAGRAN- 5-05-2023 PG.NO-11**

## परीक्षा प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता

जासं. मेरठ: आरजी पीजी कालेज और गुरु अंगददेव टीचिंग लर्निंग सेंटर एसजीटीबी खालसा कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को आनलाइन फैकल्टी डवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता महाराजा अग्रसेन कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय के डा. अरुण जुल्का ने वीडियो कैप्चर एंड एडिटिंग टूल्स, क्लिपचैंप टूल और वीडियो को एडिट करने के बारे में बताया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जीएडी टीएलसी खालसा कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. विमल, प्रो. वेद प्रकाशने जानकारी दी। संचालन डा. गरिमा मलिक ने किया।

**DAINIK JANVAANI- 5-05-2023**

## भारत की परीक्षा प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है: प्रो. विमल

मेरठ: आरजी कॉलेज में चल रहे ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पंचम दिवस प्रथम सत्र में डॉ. अरुण जुल्का, महाराजा अग्रसेन कॉलेज दिल्ली युनिवर्सिटी ने वीडियो कैप्चर एंड एडिटिंग टूल्स विषय पर विस्तृत व्याख्यान एवं हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कैसे क्लिपचैंप टूल का इस्तेमाल करके वीडियो रिकॉर्ड किए जा सकते हैं तथा उनको एडिट किया जा सकता है। प्रोग्राम के दूसरे सत्र में प्रो. विमल राह जॉइंट डायरेक्टर जीएडी टीएलसी खालसा कॉलेज दिल्ली युनिवर्सिटी ने टेम्पलेट्स फॉर टीचर्स ई-किट, विषय पर व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में प्रो. विमल राह ने बताया कि किस तरह से अध्यापक अपने सिलेबस को 30 से 40 मॉड्यूल में विभाजित करके ई-किट बना सकते हैं। तीसरे सत्र में प्रो. वेद प्रकाश फॉर्मर चेयरमैन ने स्ट्रेटेजीज फॉर इम्प्रोविंग दी एग्जामिनेशन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि भारत की परीक्षा प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है तथा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास हो एवं रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिले। सभी सत्रों में वक्ताओं ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। संचालन डॉ. गरिमा मलिक ने किया।

**DAINIK JAGRAN- 9-05-2023 PG.NO-7**

एक नजर में

## आरजीपीजी में बीए प्रथम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 को

मेरठ : आरजीपीजी कालेज में बीए प्रथम वर्ष ( प्रथम सेमेस्टर एनईपी ) की छात्राओं की चित्रकला विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज में 13 मई को सुबह नौ बजे से चित्रकला विभाग में होगी। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी छात्राओं से कहा है कि वे परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक परीक्षा सामग्री तथा मास्क एवं सैनिटाइजर के साथ यूनिफार्म में चित्रकला विभाग में उपस्थित हों। प्राचार्य ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष तथा बीए प्रथम वर्ष ( प्रथम सेमेस्टर) की छात्राओं की मनोविज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि भी घोषित कर दी गई है। बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा 17 एवं 18 मई को सुबह नौ बजे से होगी। जबकि बीए प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 19 व 20 मई को सुबह नौ बजे से होगी। प्राचार्य ने बताया कि बीए तृतीय एवं प्रथम वर्ष की छात्राएं 15 मई को सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक मनोविज्ञान विभाग में संपर्क करें। -जासं

**DAINIK JAGRAN- 13-05-2023 PG.NO-9**

## प्रयोगात्मक परीक्षा आज

मेरठ : आरजीपीजी कालेज में बीए प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं की भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज में 13 मई को सुबह 10 बजे से होगी। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक परीक्षा सामग्री तथा मास्क व सैनिटाइजर के साथ यूनिफार्म में भूगोल विभाग में मौजूद हों।

**AMAR UJALA- 13-05-2023 PG.NO-4**

## आरजी में भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 13 को

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 13 मई को सुबह 10 बजे भूगोल विभाग में आयोजित होगी। सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक सामग्री व मास्क के साथ समय से उपस्थित हों। संवाद

DAINIK INEXT-16.05.2023 PAGE NO.07

# राहगीरों को पिलाया शरबत




आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम की ओर से तीन दिवसीय ठंडा पानी और शरबत वितरण शिविर की शुरुआत सोमवार को की. तीन दिवसीय शिविर कालेज के सामने सार्वजनिक स्थल पर लगाया गया. जिसका संचालन रेंजर्स टीम लीडर डा. सुनीता सिंह ने किया. शिविर की शुरुआत जिला संस्था भारत स्काउट एवं गाइड भवन लाल कुर्ती से डीओसी गाइड पूनम चौधरी व सोमेंद्र सिंह ने की. रेंजर्स ने राहगीरों को ठंडा पानी, जलजीरा और रूह अफजा शरबत पिलाया, और पोस्टर के माध्यम से सभी को पानी बचाने के लिए जागरूक किया. जल ही जीवन है और सभी का कर्तव्य है कि हम सभी इसके लिए प्रयास करे. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने रेंजर लीडर तथा सभी रेंजर्स के प्रयास की सराहना की.

CITY BRIEFS

# राहगीरों को पिलाया ग्लूकोन डी




**MEERUT :** आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम ने दूसरे दिन मंगलवार को कालेज के समीप ठंडा पानी और शरबत वितरण शिविर लगाया. जिसका संचालन टीम लीडर डा. सुनीता सिंह ने किया. रेंजर्स ने गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी, ग्लूकोन डी, जलजीरा और रूह अफजा शरबत पिलाया. साथ ही पोस्टर्स लगाकर लोगों से पानी बचाने के लिए अपील की. प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने रेंजर लीडर और रेंजर्स टीम का मनोबल बढ़ाया. डा. अपर्णा वत्स, डा. कुमकुम पारीख, डा. प्रियंका और डा. गीतिका भी उपस्थित रही.

DAINIK JAGRAN-17.05.2023 PAGE NO.09

# चित्रकला विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 को होगी

मेरठ: आरजी पीजी में बीए तृतीय वर्ष चित्रकला विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 19 मई को सुबह 7.30 बजे होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने कहा कहा कि परीक्षा छह घंटे की होगी।

**DANIK JANVANI-18.05.2023 PAGE NO.06**

## शरबत [illegible] शिविर का समापन



[illegible]

**DANIK JAGRAN-18.05.2023 PAGE NO.07**

## रेंजर्स ने राहगीरों को पिलाया शीतल जल

मेरठ: आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम ने कालेज के समीप तीन दिवसीय शीतल जल और शरबत वितरण शिविर के दौरान बुधवार को भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर राहत प्रदान की। शिविर का संचालन टीम लीडर डा. सुशील सिंह ने किया। साथ ही पोस्टरों के माध्यम से सभी को पानी बचाने के लिए जागरूक किया। [illegible]

AMAR UJALA-19.05.2023 PAGE NO.05

# आरजी की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

**मेरठ।** आरजी पीजी के वनस्पति विभाग की एमएससी बॉटनी व बीएससी की छात्राओं ने एफआरआई (फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट) हरबेरियम वनस्पति संग्रहालय देहरादून का शैक्षिण भ्रमण किया। भ्रमण की संयोजिका निरलेप कौर और डॉ. अनुपमा सिंह रही। सभी छात्राओं ने 100 सालों के पुराने पौधों के प्रतिरूपों को देखा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा, प्रो. निरलेप कौर, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. अनूप आदि मौजूद रहीं। संवाद

DANIK JAGRAN-20.05.2023 PAGE NO.09

## प्रयोगात्मक परीक्षा कल

**मेरठ** : आरजी पीजी कालेज बीए तृतीय वर्ष भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 मई को भूगोल विभाग में होगी। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर एक बजे समाप्त होगी। सभी छात्राए अपना प्रवेश पत्र और प्रयोगात्मक फाइल साथ लेकर आएं।

DANIK INEXT-21.05.2023 PAGE NO.02

# छात्राओं ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

आरजी पीजी कालेज के एक्टिविटी क्लब की ओर से शनिवार को नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया. छात्राओं ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों से बचाने एवं मादक द्रव्यों के सेवन से नुकसान और बचाव के बारे में जानकारी देने के लिए रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक भी किया. कार्यवाहक प्राचार्य डा. पारुल सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए उपयुक्त है. छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभाव बताकर मादक द्रव्यो तथा धूम्रपान से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक किया. डा. अर्चना, डा. रजनी श्रीवास्तव और डा. शैलजा,भी उपस्थित रही.

# संगीत की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 को होगी

आरजी पीजी कालेज बीए तृतीय वर्ष संगीत गायन और सितार विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 मई को होगी. जिसका समय सुबह 9.30 बजे रहेगा. छात्राएं प्रवेश पत्र और प्रयोगात्मक फाइल अपने साथ लेकर आए. इसके अलावा बीए तृतीय वर्ष भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा जो 21 मई को होनी थी अब 24 मई को सुबह 10 बजे होगी.

HINDUSTAN-23.05.2023 PAGE NO.06



सोमवार को आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

# एक्वेरियम के बारे में दी जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से एक्वेरियम रखरखाव के लिए एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसका निर्देशन प्राचार्य डॉ. निवेदिता कुमारी ने किया। संचालन कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ शशी बाला ने किया। उन्होंने एक्वेरियम के बहुआयामी तथ्यों पर प्रकाश डाला। तकनीकी सहायक राजन, डॉ. सीमा जैन ने विचार रखे। डॉ. गरिमा पुंडीर, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. मंजू सिंह, प्रियंका, डॉ. संगीता बजाज, प्रियंका यादव रोहित, मनोज रहे।

## AMAR UJALA-26.05.2023 PAGE NO.11

# गृह विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 9 व 10 को

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की रेगुलर व बैक के गृहविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 9 व 10 जून को सुबह 9 बजे गृह विज्ञान विभाग में होगी। सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल व मास्क के साथ समय से उपस्थित हों। संवाद

## AMAR UJALA-27.05.2023 PAGE NO.05

# आरजी में परीक्षा 10 जून को

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में बीए प्रथम व द्वितीय वर्ष की रेग्युलर व बैक के गृह विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 10 जून को 9 बजे गृह विज्ञान विभाग में होगी। सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल व मास्क के साथ समय से उपस्थित हों। संवाद

HINDUSTAN-28.05.2023 PAGE NO.02

# फोटोग्राफी में अनुष्का रही विजेता

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में अंतरमहाविद्यालय . जैव विविधता ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

प्रतियोगिता वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी, सुधा इको क्लब ने आयोजित की। 150 से अधिक प्रतिभागियों ने फ्लोरा एवं जीव-जंतुओ के फोटो अपलोड किए। निर्णायक मंडल में डॉक्टर मीनू गुप्ता, डॉक्टर रंजना सिंह, डॉक्टर सुधीर कुमार रहे। प्रथम पुरस्कार अनुष्का चपराना , द्वितीय महक जिंदल और तृतीय स्थान पर रेहान खान रहे। निदा मिर्जा, अदिति . ताहिब सैफी और ऑक्सी राज ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। समन्वयक डॉ. कल्पना चौधरी व संयोजिका निर्लेप कौर रहीं। आयोजिका सचिव डांक्टर मधु मलिक रहीं।

DANIK INEXT-29.05.2023 PAGE NO.03

CITY BRIEFS

# भारत को पोलियो मुक्त बनाएंगे



**MEERUT** : आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया. भारत स्काउट एवं गाइड भवन लाल कुर्ती द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. जिसमें रेंजर लीडर डा. सुनीता सिंह के निर्देशन में आरजी पीजी कालेज रेंजर्स टीम ने भाग लिया. रैली स्काउट भवन से बेगमपुल चौराहे तक की गई. रेंजर्स ने पोस्टर्स, स्लोगन और नारो से लोगों को जागरूक किया. रैली में सिमरन, मानसी, नेहा ठाकुर, खुशबू वर्मा, पलक, भारती, आंचल, श्वेता पोसवाल, मनीषा चौहान, ज्योति, रवीना, स्नेहा सैनी, कशिश, शीतल, शिवानी, भूमि शाक्य और जया ने नया सवेरा लाएंगे भारत को पोलिया मुक्त बनाएंगे जैसे नारे लगाए.

AMAR UJALA-29.05.2023 PAGE NO.05

# आरजी पीजी कालेज में होगी आठ कालेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा

जागरण संवाददाता, मेरठ : सीसीएसयू की आठ कालेजों की बीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की भूतपूर्व विद्यार्थियों की गृहविज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 जून को आरजी पीजी कालेज में सुबह नौ बजे से होगी। प्राचार्या डा. निवेदिता कुमारी ने बताया कि इन कालेजों में आरजी पीजी कालेज, एसआरएस इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड टेक्नोलाजी मोहिउद्दीनपुर, सविता देवी महिला महाविद्यालय मोहिउद्दीनपुर, इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज, एपीएस कालेज आफ एजुकेशन सरधना, विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय लावड़, श्री रामनिवास कन्या महाविद्यालय करनावल व तिरुपति बालाजी कन्या महाविद्यालय किला रोड मेरठ शामिल हैं। परीक्षा की जानकारी के लिए छात्राएं 31 मई को सुबह 11 बजे गृहविज्ञान विभाग में उपस्थित हों। सभी छात्राएं दोनों तिथियों में अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक परीक्षा सामग्री, मास्क एवं सेनेटाइजर के साथ यूनिफार्म में गृहविज्ञान विभाग में उपस्थित होंगी।

# DANIK JAGRAN-30.05.2023 PAGE NO.07

## आरजीपीजी में प्रयोगात्मक परीक्षा एक व दो जून को

**मेरठ :** आरजीपीजी कालेज में बीएससी तृतीय वर्ष (रेगुलर एवं एक्स) की छात्राओं की वनस्पति विज्ञान कोड बी–601 की प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज में एक और दो जून को विभाग में होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि बीएससी तृतीय प्रयोगात्मक परीक्षा एक और दो जून को सुबह आठ बजे से होगी।

# AMAR UJALA-01.06.2023 PAGE NO.06



तंबाकू के विरोध में लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं। संवाद

## नशे के खिलाफ किया लोगों को जागरूक

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में आरजी रेंजर्स टीम द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। संचालन डॉ. सुनीता सिंह ने किया। कनोहर लाल महिला महिला पीजी कॉलेज में तंबाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठी हुई। संवाद

DANIK JANVANI-01.06.2023 PAGE NO.07

# तंबाकू के सेवन से होती है फेफड़ों से संबंधित बीमारी



मेरठ: आरजी कॉलेज में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर्स और स्लोगन के माध्यम से सार्वजनिक स्थल पर रेंजर्स ने सभी को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के विषय में बताया साथ ही तंबाकू के उपयोग से होने वाले नुकसान और बढ़ते हुए नशे के बारे में जानकारी दी। इस समय दुनिया की 3.5 मिलियन हेक्टेयर जमीन पर तबाकू की खेती हो रही है। इसी लिए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य सगठन ने थीम के रुप में नारा दिया है जहर नहीं, फसल उगाए! जीवन को खुशहाल बनाए। आज भी एक बड़ी आबादी इसका सेवन करती है और फेफड़ों और मुह के कैंसर जैसी गभीर बीमारियो से अपनी जान गवा देती है। बीते सालों में दुनियाभर में तबाकू की खेती कितनी बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि दुनिया भर में लगभग 3.5 मिलियन हेक्टेयर भूमि हर साल तबाकू उगाने के लिए परिवर्तित की जा रही है। इतना ही नहीं तबाकू उगाना मे एक वर्ष मे 200,000 हेक्टेयर वनों की कटाई भी हो जाती है। तबाकू की खेती के लिए कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग किया जाता है, जो मिट्टी के क्षरण करते है इससे जमीन बंजर हो सकती है। तंबाकू उगाने के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि में अन्य फसलों, जैसे कि अनाज उगाने की क्षमता कम हो जाती है। क्योंकि तंबाकू मिट्टी की उर्वरता को कम कर देता है। कृषि गतिविधियों की तुलना में जैसे कि मक्का उगाना और यहा तक कि पशुओं को चराना, तबाकू के खेतो मे नही किया जा सकता। तबाकू मे मौजूद निकोटिन एक हार्मफुल केमिकल है, जिससे शरीर को कई गभीर बीमारिया लग सकती है। तंबाकू से होने वाली एक प्रमुख बीमारी फेफडे का कैंसर है। अगर तबाकू को चबाकर सेवन कर रहे है तो मुह और गले का कैंसर होता है, लेकिन अगर तबाकू को सिगरेट, हुक्का या बीडी के जरिए लेते है तो फेफड़ो का कैंसर, हार्ट की समस्या और गैंगरीन जैसी गभीर बीमारी हो जाती है। इस कार्यक्रम मे सिमरन, शीतल, ज्योति, स्नेहा सैनी, श्वेता पोसवाल, आचल, नेना शर्मा, रवीना, मनीषा चौहान, कशिश, टीशा खुशबू वर्मा, नेहा ठाकुर, मानसी कश्यप, पलक, जया, भूमिका आदि ने प्रतिभागिता की।

## DANIK INEXT-04.06.2023 PAGE NO.03

# प्रैक्टिकल एग्जाम 5 और 7 जून को

आरजी पीजी कालेज बीएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान विषय प्रयोगात्मक परीक्षा 5 एवं 7 जून को विभाग में होगी. प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक 5 जून को होनी वाली परीक्षा का समय सुबह 9 बजे और 7 जून को होनी वाली प्रयोगात्मक परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे रहेगा. छात्राएं प्रवेश पत्र और प्रयोगात्मक फाइल साथ लेकर आए.

## AMAR UJALA-08.06.2023 PAGE NO.05

# वनस्पति विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 16 व 17 जून को

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में बीएससी तृतीय वर्ष की वनस्पति विज्ञान विषय प्लांट आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी की प्रयोगात्मक परीक्षा 16 व 17 को वनस्पति विज्ञान विभाग में सुबह 8 बजे होगी। सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, हर्बेरियम फाइल, प्रयोगात्मक फाइल व मास्क के साथ समय से उपस्थित हों। संवाद

# छात्राओं ने ली खाद्य सुरक्षा की शपथ



आरजी पीजी कालेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग में बुधवार को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई. प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक के निर्देशन में छात्राओं को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने के लिए डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई. साथ ही खाद्य सुरक्षा संबंधी शपथ भी दिलवाई गई. समन्वयक डा. दीक्षा यजुर्वेदी ने खाद्य सुरक्षा के मानको, संबंधी नियम, सुरक्षा के मूलभूत स्तंभों की जानकारी दी. डा. मनीषा सिंघल, उपासना देवी, डा. नलिनी द्विवेदी, चित्रांशी शर्मा, प्रियंका और आशीष भी उपस्थित रहे.

AMAR UJALA-09.06.2023 PAGE NO.06

# आरजी कॉलेज में प्रैक्टिकल 12 को

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीएससी प्रथम सेमेस्टर में बॉटनी विषय में टेक्निक्स इन माइक्रोबायोलॉजी एंड प्लांट पैथोलॉजी का प्रैक्टिकल 10 एवं 12 जून को होगा। छात्राएं अधिक जानकारी कॉलेज से प्राप्त कर सकती हैं।

# DANIK JAGRAN-17.06.2023 PAGE NO.04

## योग शिविर की हुई शुरुआत



मेरठ: रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शारीरिक शिक्षा विभाग और योग विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योगाभ्यास शिविर शुभारंभ किया गया, जोकि 21 जून तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक द्वारा किया गया। उसके बाद विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पारुल मौजूद रही। शिविर का संचालन शिविर संयोजिका क्रीड़ा प्रभारी डॉ. भावना मित्तल ने किया। उन्होंने प्राचार्य का बुके देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि का भी बुके देकर स्वागत किया गया। सभी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की आज लगभग 60 छात्राओं द्वारा योगाभ्यास योग विभाग की शिक्षिका प्रीति बंसल और उनकी योग की छात्राओं में खुशबू और अदिति द्वारा अभ्यास करवाया गया। जिसमे योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान तथा मंत्र जाप करवाया गया। 33 मिनट के इस कार्यक्रम में सभी के द्वारा योग को जीवन मे आत्मसात करने की शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम में क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ. नजिमा इरफान, उपासना, सोम्या आदि उपस्थित रहे।

AMAR UJALA-17.06.2023 PAGE NO.06

# योग को अपनाने की शपथ दिलाई

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स (आरजी) पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं योग विभाग की ओर से सामूहिक योगाभ्यास शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल सिंह रहीं। शिविर में योग शिक्षिका प्रीति बंसल व छात्रा खुशबू एवं अदिति ने छात्राओं को योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान तथा मंत्र जाप करवाया। सभी को जीवन में योग अपनाने की शपथ दिलाई गई। शिविर का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. भावना मित्तल ने किया। इस अवसर पर डॉ. नाजिमा, इरफान, उपासना, सौम्या, नीरज, सुधा, कविता आदि रहीं। संवाद



रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित किए गए शिविर में योगासन करती छात्राएं। अमर उजाला

DAINIK INEXT-20.06.2023 PAGE NO.04

# मंत्र उच्चारण के साथ किया योग



**MEERUT :** आरजी पीजी कालेज में सामूहिक योगाभ्यास शिविर में सोमवार को योग प्रशिक्षक पूजा चौधरी ने योग अभ्यास करवाया. विशिष्ट अतिथि डॉ. रेनू कंबोज और डॉ. कंचन पुरी ने योग पोस्टर प्रतियोगिता का आकलन किया. छात्राओं ने प्राणायाम क्रियाएं मंत्र उच्चारण के साथ की. प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया. शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ. भावना मित्तल ने बताया कि शिविर विभिन्न योगाचार्य के साथ 21 जून चलाया जाएगा.

AMAR UJALA-20.06.2023 PAGE NO.05

# योगाभ्यास शिविर में सीखा प्राणायाम



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित योग शिविर में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज मेरठ में सामूहिक योगाभ्यास शिविर आयोजित हुआ। योग प्रशिक्षक पूजा चौधरी ने आयुष मंत्रालय की ओर से छात्राओं के साथ अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ. रेनू कांबोज तथा डॉ. कंचन पुरी ने योग पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर किया। योगाचार्य पूजा चौधरी को विशेष योगाचार्य से सम्मानित किया।

शिविर के चौथे दिन भी आसन बैठ कर, खड़े होकर, लेट कर साथ ही प्राणायाम क्रियाएं आदि का मंत्रों के साथ अभ्यास करवाया। शिविर में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने सभी बच्चों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए निर्देशित किया तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए कहा। बच्चों को प्राणायाम की महत्वता को समझाया। संचालन डॉ. भावना मित्तल ने किया। संवाद

AMAR UJALA- 27-06-2023 PG.NO-5

# अत्याधुनिक लाइब्रेरी और अनुशासन आरजी कॉलेज की पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। अत्याधुनिक लाइब्रेरी और अनुशासन ही आरजी कॉलेज की पहचान है। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कॉलेज मेरठ का पुराना कॉलेज है। कॉलेज की नींव 75 साल पहले रखी गई थी। नैक में कॉलेज को पहले ए और अब बी प्लस ग्रेड प्राप्त है। यह इकलौता गर्ल्स कॉलेज है जहां पर 200 छात्राओं के रहने के लिए हॉस्टल की सुविधा है। यहां से पढ़कर निकलीं छात्राएं देश में विभिन्न पदों पर तैनात हैं।

**75** साल पहले रखी गई थी कॉलेज की नींव, 200 छात्राओं के रहने के लिए हॉस्टल की सुविधा



मिशन एडमिशन

कोर्सों की बात करें तो यहां पर कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं शिक्षा चारों संकाय हैं। बीए, बीकॉम, बीएससी के अलावा बीवॉक में योगिक साइंस, अप्लाइड क्लीनिकल साइकोलॉजी तथा आईटी कोर्स भी चल रहे हैं। विज्ञान संकाय में बीएससी-पीसीएम, बॉटनी व जंतु विज्ञान, फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्स चल रहे हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 19 स्किल्ड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

## खेलों में भी नाम कर रहीं छात्राएं

कॉलेज में छात्राओं को खेल में भी आगे बढ़ने का खूब मौका मिलता है। बैडमिंटन, कराटे और शूटिंग आदि खेलों में यहां की छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं।

## 75 फीसदी रहती है छात्राओं की उपस्थिति

प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक बताती हैं कि छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अच्छे परिणाम के लिए अनुशासन जरूरी है। अभिभावकों को बुलाकर छात्राओं की उपस्थिति के विषय में जानकारी दी जाती है।



निवेदिता कुमारी

## विभिन्न कोर्सों में पांच हजार छात्राएं अध्ययनरत

कॉलेज में शहर ही नहीं गांव और दूसरी जनपद की पांच हजार के करीब छात्राएं अध्ययनरत हैं। कॉलेज में 14 विषयों में शोध कार्य कराया जाता है, 16 विषयों में स्नातकोत्तर कोर्सेज चल रहे हैं। कुल 25 स्नातक कोर्सेज हैं। छात्राओं को पढ़ाई के साथ यहां पर रोजगारपरक कोर्सों में भी दक्ष किया जा रहा है। इसके चलते भारत विकास परिषद के साथ मिलकर एक इनोवेटिव सिलाई सेंटर चलाया जा रहा है। कॉलेज में एक लाख पुस्तकों के साथ संसाधनों से परिपूर्ण एक पुस्तकालय है। 628 दुर्लभ पुस्तकें डिजिटल फार्म में उपलब्ध हैं।

### सीटों का संख्या

| | |
|---|---|
| बीएससी (जूलॉजी, बॉटनी, केमिस्ट्री) | 180 |
| बीएससी (फूड साइंस, क्वालिटी कंट्रोल) | 60 |
| बीकॉम | 120 |
| एमकॉम | 60 |
| एमए (पॉलिटिकल साइंस) | 60 |
| एमए (साइकोलॉजी) | 20 |
| एमए (हिंदी) | 60 |
| एमए (इकोनॉमिक्स) | 60 |
| एमए (इंग्लिश) | 60 |
| एमए (संस्कृत) | 60 |
| एमए (म्यूजिक) | 20 |
| एमए (ड्राइंग, पेंटिंग) | 20 |
| एमए (हिस्ट्री) | 60 |
| एमए (सोशियोलॉजी) | 60 |
| एमए (जियोग्राफी) | 30 |
| एमए (होम साइंस) | 30 |
| एमएससी (केमिस्ट्री) | 30 |
| एमएससी (बॉटनी) | 30 |
| एमएससी (जूलॉजी) | 30 |
| बीएड | 100 |
| बी.वॉक | 60 |
| बीए | 720 |
| पीसीएम | 60 |